### शिवपुरी पुलिस की फरार आरोपियों पर कार्यवाही, पुलिस थाना गोवर्धन ने

# दो माह से फरार हत्या के प्रयास के तीन ईनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

पुलिस थाना गोवर्धन पर फरियादी कल्याण धाकड़ निवासी ग्राम खैरवानी थाना गोवर्धन जिला शिवपुरी ने दिनांक 09.12.20222 को जेएएच ट्रामा सेन्ट्रर ग्वालियर मे मजरुब किरन धाकड, ईश्वरलाल धाकड, मित्ती बाई धाकड के मौखिक रिपोर्ट की थी कि आरोपी सोनेराम कुशवाह, मुकेश कुशवाह, सुनील कुशवाह, धारा कुशवाह, सुरेश कुशवाह सभी ने एक राय होकर जमीनी विवाद के ऊपर से रास्ते मे निकलने पर जान से मारने की नीयत से कुल्हाडी, फरसा, लोहे की छड एवं लाठी से मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट की थी जिस पर से पुलिस थाना गोवर्धन पर अपराध क्रमांक 112/2022 धारा 307, 341, 324, 294, 147, 148, 149 भादवि इजाफा धारा 325 भादवि का प्रकरण पंजीबंद्ध कर विवेचना मे लिया गया प्रकरण मे सभी आरोपीगण वक्त घटना दिनांक से फरार हो गये थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार पुलिस टीम विजयपुर जिला श्योपुर, एवं रामपुर जिला मुरैना एवं उनके स्थाई निवास ग्राम सेमरी



सिमरोदा थाना कैलारस जिला मुरैना आदि जगह पर फरार आरोपीगणों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास कर रही थी फरार आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा प्रत्येक पर 2000 ङ्क 2000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था । प्रकरण के दो फरार आरोपीयों को दिनाँक 03.02.2023 को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं अन्य फरार तीन आरोपीगण करीबन दो माह से अपना निवास स्थान छोड़कर श्योपुर जिले तरफ फरार हो गये थे । प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु आदेशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पोहरी श्री एस. एस. मुमताज के निर्देशन में मुखविर सूचना पर से दिनांक 24.02.2023 को तीन आरोपियों को सिद्धपुरा गसवानी के जंगल से गिरफ्तार किया जाकर घटना मे प्रयुक्त आलाजरर बरामद किये गये है। फरार आरोपीगणों की गिरफ्तारी मे उनि रघुवीर सिंह धाकड थाना प्रभारी गोवर्धन, आर. 83 जितेन्द्र सिह जाट, आर. 127 लालसिंह भील, आर. 179 हुकुम सिह रावत की अहम भूमिका रही।

## संजीवनी अस्पताल के निर्माण का कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया विरोध, दिया ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर, अभिषेक कुशवाह**



**सिरोंज।** नगर के एकमात्र डिग्री कॉलेज शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रांगण में संजीवनी अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा था इसी के विरोध स्वरूप महाविद्यालय के पूर्व छात्र नेता एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि अतीक मंसूरी के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा शनिवार को महाविद्यालय में नारेबाजी की गई एवं अनुविभागीय अधिकारी व कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन भी दिया गया जिसमें ज्ञापन का वाचन करते हुए कहां की शहर के एकमात्र डिग्री कॉलेज शासकीय महाविद्यालय लाल बहादुर शास्त्री है और इसमें लगभग 3000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं महाविद्यालय के खेल मैदान बाउंड्री वॉल के अंदर नगर पालिका द्वारा एक संजीवनी अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है जिससे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा वहीं उन्होंने प्रस्तावित भूमि पर निर्माण कार्य कराने की बात कही इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

**बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़**-वही पुर्व छात्र नेता अतीक मंसूरी ने कहां की महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल के अंदर यह अस्पताल का निर्माण गलत है जिससे बाहरी लोगों का प्रवेश होगा छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होगी छात्र छात्राओं के खेल गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होगी खेल मैदान खत्म होगा शहर के अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम इस मैदान में किए जाते हैं यहां पर संजीवनी अस्पताल का बनना उचित नहीं है।



### पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार

# शिवपुरी पुलिस द्वारा सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससीटेशन) पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार शिवपुरी पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय स्तर एवं समस्त थाना स्तर पर पुलिस कर्मियों को लिये सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससीटेशन) पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । पुलिस कम्युनिटी हॉल मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन मे सीपीआर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, समाज सेवी श्री आलोक इंदौरिया, मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. श्री केवी वर्मा जी, डॉ. शिल्पी अग्रवाल जी, डॉ राहुल जी, रक्षित निरीक्षक भारत सिंह यादव, थाना प्रभारी कोतवाली, देहात, फिजीकल, सूबेदार पुलिस लाइन एवं पुलिस बल उपस्थित रहे । मेडिकल कॉलेज से आयी डॉक्टर टीम द्वारा समस्त पुलिस बल को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससीटेशन) पर

**समस्त पुलिस स्टॉफ को सीपीआर देने का अभ्यास कराया गया एवं पुलिस अस्पताल शिवपुरी में पुलिस बल का कराया मेडीकल परीक्षण**

प्रशिक्षण दिया एवं बताया कि पुलिस बल सीधे तोर पर आम लोगों के संपर्क मे रहते हैं, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससीटेशन) एक आपातकालीन प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति की सांस या धड़कन के रुकने पर उसकी जान बचाने मे मदद कर सकती है । जब अचानक ह्रदय गति रुक जाती है तो व्यक्ति का रक्त वहाव बंद हो जाता है, जिसे तुरंत इलाज नहीं दिया जाता तो उसकी मृत्यु हो सकती है, पुलिस का लोगों से सीधे संपर्क मे रहने से सीपीआर का प्रिशिक्षण दिया जा रहा है, एक्सीडेंट, हार्टअटैक आदि घटनाओं मे लोगों की जान बचाने हेतु सीपीआर दिया जाकर जान बचाई जा सकती है । सीपीआर मे दिये जाने बाले व्यक्ति को सीने की बीचों बीच दोनों हाथों से प्रेस किया जाता है जिससे रक्त संचार को चलाया जा सके एवं ह्रदय गति को दोवारा शुरु किया जा सके जिससे उक्त व्यक्ति की जान बचाई जा सके। शिवपुरी पुलिस द्वारा आज समस्त थाना स्तर पर सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया । सीपीआर प्रशिक्षण के बाद पुलिस अस्पताल शिवपुरी मे 40 वर्ष से अधिक आयु के पुलिस बल का मेडिकल परिक्षण कराया गया।




## एम पी नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट में सूर्या रोशनी जीती



**पुष्पांजली टुडे संवाददाता पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर।** उद्योग क्षेत्र स्थित सूर्या रोशनी ग्राउंड में आज नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में रोशनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबाड तोड़ 186 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में एजोनोबल 22 रनो पर ओल आउट हो गई मैच में सानदर प्रदर्शन शक्ति राणा ने 4 विकेट 54 रन की शानदार पारी खेली सूर्या रोशनी ने यह मैच 162 रनों से जीत लिया दूसरा मूकाबुला सूप्रीम और जे के टायर के मध्य बीच खेला गया जिसमें जे के टायर पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रनों का लक्ष्य दिया 9 रनों से सुप्रीम को हराया जैतारण सीजी पावर ग्राउंड पर खेले गए मैच में सीजी पावर ने विक्रम बूलर्स दूसरे मैच में दूसरे मैच में कैडबरी ने पहले बैटिंग करते हुए गोदरेज को 72 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए गोदरेज ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए मात्र 7 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया और 10 विकेट से मैच जीत लिया।

# महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस जी से सौजन्य भेंट

**रायपुर।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश संगठन के पदाधिकारी एवं जिले के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिनिधिमंडल के सौजन्य भेंट महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस जी से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की, साथ ही इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा एवं सदस्य पीएससी रेल बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार की सदस्य श्रीमती विभा अश्वनी अवस्थी जी के द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत कर महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में पद ग्रहण करने पर सौजन्य भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं बधाई दी। महामहिम राज्यपाल जी के रायपुर आगमन पर महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करने पर एवं उनसे आत्मीय सौजन्य भेंट मुलाकात के लिए भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी ,संगठन के पदाधिकारी, ने उनसे आशीष आशीर्वाद ग्रहण किया साथ ही प्रदेश की कुछ संक्षिप्त मांगों को लेकर मौखिक रूप से अवगत कराएं। एक और जहां प्रदेश में महिलाओं की समस्याओं पर उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर और प्रदेश में महिला की असुरक्षित स्थिति को लेकर महामहिम राज्यपाल जी से अवगत कराया साथ ही यह विदित हो कि महामहिम राज्यपाल इसी रायपुर शहर के गृह निवास मूल निवासी है



और संगठनात्मक रूप से स्थानीय लोगों से प्रतिनिधि के रूप में बरसों से संबंध है अपनी कुछ मांगों को लेकर प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और इन घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश महिला मोर्चा की पदाधिकारी सदस्यो ने मौखिक रूप से महामहिम को समस्याओं से अवगत कराया, साथ ही सभी संगठन की महिलाओं ने उनके उज्जवल और मंगलमय भविष्य की कामना की कि आप का आशीष आशिर्वाद हम सब पर बना रहे और आप देश सेवा में अग्रणी होकर सेवा कार्य में लगे रहे।

प्रदेश महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी, महिला सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल जी से पुष्पगुच्छ कुछ बैठकर प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया इस अवसर पर सर्व श्रीमति विभा अवस्थी, प्रदेश महामंत्री, ममता साहू



प्रदेश उपाध्यक्ष, संध्या तिवारी प्रदेश सहकोषाध्यक्ष, भावना बोरा मंत्री महिला मोर्चा, कृतिका जैन मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा, सुशीला धीवर, भाजपा प्रदेश महिला के पदाधिकारी महिलाएं बहने और सभी सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

# सीधी बस हादसे के लिए जिम्मेदार परिवहन मंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें : डॉ. गोविंद सिंह

### मृतकों के परिजनों को 50 लाख, गंभीर रूप से घायलों को 25 लाख एवं साधारण घायलों को 10 लाख का मुआवजा दें

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने सीधी बस दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया एवं घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना भी की है। नेता प्रतिपक्ष ने सीधी जिले के चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की रात को हुई बस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार परिवहन मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते बसों में ओव्हर लोड अनफिट तथा इस रूट का इन बसों का परमिट भी नहीं था और ना ही बीमा था। उन्होंने इस घटना के जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार 60 से अधिक घायल है एवं लगभग 15 से अधिक लोगों की मृत्यु होने की सूचना मिल रही है। मृतकों एवं घायलों में सर्वाधिक कोल आदिवासी समुदाय के लोग है, जो कि देश के गृहमंत्री के सतना में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के नेताओं के द्वारा उन्हें प्रलोभन देकर भरकर लाये गये थे। यह उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी, 2021 को सीधी में हुए बस हादसे में ओवरलोड के कारण 40 से अधिक लोगों



की जान गई थी। इसके बाद भी सरकार ने कोई सबक क्यों नहीं लिया है। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री जी से राजनैतिक इवेन्ट बंद करने की मांग की है कि ताकि इस प्रकार के हादसे की पुर्नावृत्ति न हो। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उक्त घटना में जान गवाने वालों के निकटम परिजनों को 50 लाख रुपये एवं गंभीर रूप से घायलों को 25 लाख रूपये तथा साधारण घायलों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की भी मांग सरकार से की है। इसके साथ ही इस घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग भी की है।

## जनपद पंचायत लांजी में संपन्न रोजगार मेले में 137 का पंजीयन, 68 आवेदकों का कंपनियों ने किया चयन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

लांजी- शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्रों में बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य को लेकर मध्यप्रदेश डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा



के दिशानिर्देशन में तथा जिला रोजगार अधिकारी अशोक मेश्राम और जिला परियोजना प्रबंधक ओम प्रकाश बेदुआ व डीएम स्किल दिलीप सिंह गौड़ के मार्गदर्शन में विभिन्न कंपनियो व संस्था की भागीदारी से 25 फरवरी को म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत लांजी में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र के विभिन्न कम्पनियों के प्रतिभागी उपस्थित रहे और उनके द्वारा अपनी आवश्यकता के अनुसार आवेदकों का चयन किया गया। रोजगार मेले में सम्मिलित कम्पनियां जिसमें प्रथम एजुकेशन भोपाल, आर.एन.के जबलपुर, एलआईसी आफ इंडिया मार्गदर्शन सर्विसेस बालाघाट, एपी जॉब बालाघाट, सुमित बाजार, एजाई सिक्युरिटी हैदराबाद के द्वारा आयोजित इस मेले में कुल 137 युवक युवतीयों के द्वारा अपना पंजीयन कराया गया। कम्पनीयों के द्वारा इन बेरोजगार युवक युवतीयों की काउंसलींग की गई और 68 बेरोजगार युवक युवतियों का विभिन्न ट्रेड्र्स में रोजगार हेतु चयन किया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारीयों कर्मचारीयों को अधिक से अधिक युवा बेरोजगारो को मेले के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये बताया गया। मध्यप्रदेश डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक कौशल विकास दिलीप गोंड की उपस्थिति में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला आयोजन में मुख्यकार्यपालन अधिकारी रंजीत सिंह ताराम के मार्गदर्शन में एवं आजीविका मिशन लांजी से विकासखण्ड प्रबंधक राजाराम परते, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक सुनीता चन्दने, एवं एनआरटीपी से जीतेन्द्र, भूपेन्द्र धुवारे जगदीश ताम्रकार, विजय जायसवाल, कुशनलाल मटाले, निर्भया आजीविका संकुल स्तरीय संगठन से कविता कुचलाहे, रविता सावले, प्रिया धुवारे एवं टीम लांजी के सहयोग से जनपद पंचायत लांजी में रोजगार मेले का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

## नगर परिषद रन्नौद में पधारे प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया संजू भैया का हुआ भव्य स्वागत

**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**



प्रभारी मंत्री सिसोदिया के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम, हरवीर सिंह रघुवंशी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,आदि लोग मौजूद रहे। नगर के लोगो ने दिए आवेदन प्रभारी मंत्री सिसोदिया ने मौके पर ही निपटाए लोगो की समस्याएं बता दे की नगर रन्नौद में भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सिकरवार के निज निवास पर हुआ भव्य स्वागत जिसमे नगर के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सिकरवार, भाजपा जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य विपिन शर्मा, सिंधिया फैंस क्लब ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार नरेंद्र तोमर सरपंच इचोनिया, शेरा तिवारी, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा आशीष गुर्जर,। वार्ड क्रमांक 8 से पार्षद श्याम कुशवाह, जीतू तिवारी महेश खटीक, नितिन जाट, राजू गुर्जर, संजय राजपूत गोलू भदौरिया आदि लोग मौजूद रहे।





# अंतिम दिन विकास यात्रा पहुंची दबोह हुआ समापन

## विकास यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर पात्र हितग्राही को मिले लाभः रोमेश महंत

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। मध्यप्रदेश में विधासभा चुनाव से पहले बीजेपी की विकास यात्रा जारी है भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदेश में कई जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही हैं।जिनका लाभ प्रदेश के सभी बर्ग को मिले यही उदेश्य इस बिकाश यात्रा का है उक्त बात प्रदेश कार्य समिति सदस्य रोमेश महंत ने दबोह पहुची बिकाश यात्रा के समापन समारोह में हितग्राहियों को सम्बोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि भाजपा की यही सोच रही है कि अंतिम पँक्ति में खड़े समाज के लोगो को योजनाओं का लाभ मिले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पूरे मध्यप्रदेश में विकास यात्रा का आयोजन किया जा रहा है ।यात्रा का प्रमुख उद्देश्य मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समाज के हर वर्ष के लोगों का उत्थान करने के लिए योजनाएं बनाई हैं।योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को चिह्नित कर उनको हितग्राही बनाने की प्रक्रिया विकास यात्रा का एक मूल विषय है।हमें गर्व है हमारे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के लिए सदा चिंतित रहते हैं।प्रदेश के मुखिया द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।वही जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह सभी बर्ग की चिंता करते हैं।भाजपा विकास करने वाली पार्टी है यह सिर्फ योजनायें बनाकर कागजों पर नहीं चलाती बल्कि योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिये भी मुख्यमंत्री जनसेवा शिविर तथा विकास यात्रा जैसे कार्यक्रम बनाती है।विकास यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि हर पात्र हितग्राही को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले भाजपा जहां देश प्रदेश में विकास कार्य कर रही है।वहीं गांव की गली गली और घर घर में भाजपा के विकास कार्य पहुंच रहे है एक समय था ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के नहीं होती थी। जिसके कारण यातायात बरसात के दिनों में लगभग बंद हो जाता था लेकिन अब हर ग्रामीण क्षेत्र में पक्की सड़क होने से हर गांव का विकास हुआ है हर घर में नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाने का काम किया गया है।हर गांव में स्वास्थ्य केन्द्र,स्कूल जैसी मूलभूत सुविधायें हो चुकी हैं भाजपा द्वारा हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया गया यह भाजपा सरकार की ही सोच थी कि हर वर्ग मजबूत हो सशक्त हो ताकि हमारा देश मजबूत और सशक्त बन सके विकास यात्रा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना,आयुष्मान कार्ड,संबल आदि योजनाओं के करीब 181 प्रमाण पत्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित किये गए इस दौरान शासकीय अधिकारी जिला पंचायत सीओ ए.के जैन,एसडीएम आर.ए. प्रजापति,नायब तहसीलदार अमित दुबे,बी.ओ शैलेन्द्र कुशवाहा,जल संसाधन विभाग कालीचरण झा,जूनियर इंजिनियर अशोक डावर, आर आई पटवारी रामसिंह पटवारी,पटवारी राकेश नागर, पटवारी नीलेश पाल, नप अधिकारी प्रदीप ताम्रकार,स्वछता प्रभारी नाथूराम खेंगर एवं समस्त राजस्व, नगर पंचायत,महिला बाल विकाश, विधुत विभाग, पुलिस प्रशासन मुख्य रूप से मौजूद रहा।वहीं भाजपा नेताओं में जिलापंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोमेश महंत, अशोक चौधरी,भगवान नायक, केशव गुप्ता लालता कुशवाह, अरविंद गुप्ता, शिवम् श्रीवास्तव, भूरे गोस्वामी सहित सेकड़ों हितग्राही उपस्थित रहे।



# नुक्कड़ नाटक कर थाना प्रभारी लहार ने वाहन चालकों को किया जागरूक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। भिंड पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एबम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन में एबम एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन प्रभारी में थाना प्रभारी लहार वरुण तिवारी ने शनिवार को यातायात सप्ताह दिवस के अबसर पर थाना प्रभारी ने सेल्फी पॉइंट के पास चौपाटी पर नुक्कड़ नाटक कर वहान चालकों को यातायात के नियमों का पाठ पड़ाया एवम मशेरन मोड़ पर चेकिंग अभियान चलाया।इस मौके पर थाना प्रभारी लहार एक अलग ही अंदाज में दिखे उन्होंने सबको उनके जीवन की सुरक्षा एवम परिवार की जिम्मेदारी की याद दिलाते हुए यातायात के नियमों का पाठ पड़ाया।उन्होंने कहा कि जितने में आप हमारा चालान कटबा रहे है उतने में आप हेलमेट ले सकते है जिससे आपके जीवन के साथ साथ पुलिस चेकिंग में कटने बाले चालान से भी बचा जा सकता है इसलिए अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए संकल्प ले कि आज से बिना हेलमेट के कभी गाड़ी नही चलाएंगे ओर न ही अपने नाते रिस्तेदारों,पड़ोसियों को चलाने देंगे और न अपने नाबालिग बच्चों को गाड़ी चलाने के लिए देंगे जब तक कि बो ब्यस्क होकर लायसेंस न बनबा लें इस मौके पर सहायक उपनिरीक्षक प्रभाशंकर उपाध्याय,रामराज गुर्जर,भोला परस्ते,राघवेंद्र, शैलेन्द्र सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।



थाना प्रभारी ने सभी को बताए यातायात के ये नियम

1-सड़क पर चलने वाले सभी व्यक्तियो को अपने बाँये तरफ होकर चलना चाहिये खासतौर से चालक को और दूसरी तरफ से आ रहे वाहन को जाने देना चाहिये।
2-चालक को सड़क पर गाड़ी घुमाते समय गति धीमी रखनी चाहिये।
3-अधिक व्यस्त सड़कों और रोड जंक्शन पर चलते समय ज्यादा सावधानी बरतें।
4-दुपहिया वाहन चालकों को अच्छी गुणवत्ता वाले हेलमेट पहनने चाहिये जिससे उनकी जान माल को खतरा न रहे।
5-गाड़ी की गति निर्धारित सीमा तक ही रखें खासतौर से स्कूल,हॉस्पिटल,कॉलोनी आदि क्षेत्रों में।
6-काली ड़िल्म लगाकर चार पहिया वहान न चलायें।
8-ड्रायविंग करते समय मोबाइल पर कभी बात नही करनी चाहिये आदि।
8-तीन सबारी दो पहिया पर न बैठाएं।
9-काली ड़िल्म लगाकर चार पहिया वहान न चलायें।
10-मुड़ने से पहले इंडिगेटर का प्रयोग अबस्य करें।
11-बिना नम्बर गाड़ी न चलायें।



## भारत भ्रमण चेतन रथ यात्रा के दौरान सेकड़ों लोगों ने प्राप्त किया आत्मसाक्षात्कार

**गोरमी /** परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी की कृपा से परम चैतन्य दिवस पर ग्राम कुटरौली (गोरमी) भिण्ड मे सहजी सुरेश सिंह भदौरिया जी के निजी निवास पर काफी जनसंख्या में (पांच सेकड़ा से अधिक )लोग हुए उपस्थित हुए सहजी गायकों द्वारा सहज भजनो को गाया गया द्य भजनो का आनंद लोगों द्वारा लिया गाया। बता दे की कुटरौली गाँव मे स्वल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था भी रखी गई थी और दिन 12 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक लोगो का आना जाना लगातार बना रहा उसके बीच मे अलग अलग आध्यात्मिक, सांस्कृतिक कृषि सेमिनार आदि प्रोग्राम सहजीयो द्वारा किया गया ग्वालियर एवम बाहर से भी काफी जनसंख्या मे सहजी भी उपस्थित हुए। मुख्यत उपस्थिति समाज सेवी, राजनैतिक, मंत्रिगड, जिलाध्यक्ष, चेयरमैन, युवा, बुजुर्ग व महिलायें भी काफी जनसंख्या में इन सभी ने आत्म साक्षात्कार प्राप्त किया।

## आज मौ मंडल में भाजपा की कामकाजी बैठक हुई संपन्न

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**



आज मौ मंडल में भाजपा की कामकाजी बैठक रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुवीर पवैया जी ने कहा कि हर बूथ को मजबूत करें और अबकी बार 200 पार लक्ष्य 2023 है जिसमें उपस्थित विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष रामअवतार गुर्जर जी मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा जी जिला आईटी रामू कुशवाहा जी सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और महामंत्री एवं सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे मंच का संचालन मीडिया प्रभारी सोमबीर शिवहरे जी ने किया।

## पिछड़ा बर्ग मौर्चा के सभी नवनियुक्त पधातिकारियों का किया सम्मान

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ वेताल सिंह गौड़**



मौं मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपनी समस्त टीम के साथ पिं बर्ग मौर्चा के मंण्डल अध्यक्ष रघुराज गुर्जर एंव समस्त टीम का स्वागत किया इस अबसर रघुबीर सिंह पवैया पर जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरवार पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मर्जाद सिंह यादव रामख्तयार गुर्जर महेंन्द परिहार राम यादव पर्वत सिंह जादोंन शतीष परिहार सूरज खटीक रामकुमार जादौंन डां बेताल गोड़ सोमबीर सिबहरे सुल्तान सिंह मौर्य संतोष यादव रघुराज गुर्जर रामकेश गुर्जर बबली यादव धर्मेन्द राणा,पूरन गोयलआकाश शाक्य अशोक गोयल आदि पिछड़ा बर्ग मोर्चा कार्यकारिणी इस प्रकार उपाध्यक्ष, राहुल गुर्जर राजेंन्द गोंड नंदू सोनी रआमबिहारी राठौंर अबदेश श्रीबास राजेन्द यादव महामंत्री नरोत्तम राणा कप्तान कुशबाह मंत्री गिर्राज यादव कुअरराज गुर्जर दीपू रजक जबान सिंह गुर्जर तोताराम बघेंल बसंत प्रजापति कार्यालय मंत्री उदयभान कुशबाह सत्यबीर गुर्जर निर्देश कुशबाह ग्याप्रसाद बघेल आदि।



# सीरवी समाज हैब्बाल वार्षिक एंव चौहदवां ध्वजारोहण का आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू- सीरवी समाज हैब्बाल ट्रस्ट का वार्षिक एंव चौहदवां ध्वजारोहण सामोरह धूमधाम से मनाया। प्रात-6बजे हवन-पूजन किया गया ।उसके बाद महा आरती एंव भजन कीर्तन का आयोजन किया गया ।भजन गायक कैलाश पंवार एंड प्रार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी ।शुभ मुहूर्त में कायमी धव्जा के लाभार्थी पुनाराम, मंगलाराम, प्रकाशचंद, ध्रव दक्ष बर्फा परिवार ने मंदिर के शिखर पर विधि-विधान से ध्वजारोहण किया।ध्वजारोहण के दौरान पुष्पवर्षा भी की गई। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में पूरे मंदिर एंव भवन परिसर को पुष्पों एंव रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया। संस्था के अध्यक्ष पुनाराम बर्फा ने आंगतुकों का स्वागत किया। सचिव सोहनलाल राठौड़ ने आभार व्यक्त किया ।कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कटा सुब्रमण्यम नायडू मौजूद रहे। महोत्सव में गेर मंडल के सदस्यों ने रंग बिरंगी छतरियां एवं कलर पेपर से सुसज्जित डांडिया के साथ गैर नृत्य कर रहे सदस्य सभी के आकर्षक का केंद्र रहे। चंग की थाप पर फाल्गुन गाते गैर मंडल के घेरे में चल रहे सदस्यों ने माता के गुणों का बखाण किया। इस महोत्सव में महाप्रसादी की व्यवस्था रखी गई थी ।इस अवसर पर महिला मंडल नवयुवक मंडल सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मौ नगर से विपिन नाम का लड़का लापता

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**



फरियादी राजेन्द्र सिंह जाटव पुत्र स्व. श्री पातीराम जाटव उम्र 33 साल निवासी वार्ड क्र 13 द्वारिकापुरी मौ ने उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि दिनांक 24/02/2023 को दोपहर समय करीबन 12.30 बजे मेरा पुत्र विपिन जाटव उम्र 16 साल अपनी माँ से आधार कार्ड बनवाने की कह कर 100 रुपये लेकर बाजार मौ गया था जो आज दिनांक 25/02/2023 तक वापस नहीं आया है । विपिन के पास वीवो कम्पनी का बडा मोबाइल है जिसमें जीओ की सिम (नंबर 7974774724) लगी है । जो नंबर बंद जा रहा है। आसपास रिश्तेदारियों में सभी जगह पतारशी की तो कोई पता नहीं चल सका है। मुझे आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे लडके विपिन को बहला फुसला कर ले गया है। मेरे लडके विपिन का हुलिया रंग गैहूंआ, कद 4 फुट 5 इंच, लम्बा चेहरा, मेहदी रंग का पैंट व नीले रंग की बंद गले की शर्ट व पैरों में नीले रंग के जूते पहने है। रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावे।

# शोभायात्रा में दिखा उत्साह और उमंग का संगम

## धर्मगुरू की आगवानी में सीरवी समाज ने बिछाए पलकः पांवड़े

**पुष्पाजंली टुडे**

सूरत -सीरवी समाज के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के सूरत आगमन पर समाज ने पलक- पावड़े बिछा दिए ।दिवान साहब के स्वागत सूरत एयरपोर्ट से सीरवी समाज भवन तक चला । इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला -पुरूष मौजूद रहे।संस्था के सचिव भंवरलाल भायल ने बताया की पूर्व पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर समाज विकास में उनके योगदान के प्रति आभार प्रकट किया गया।समाज भवन में स्वागत की बोली भामाशाह कुपाराम ढगलाराम खंडाला परिवार धनला, द्वारा शिलालेख पर नाम लिखवानें वाले भामाशाहों का उनके परिवार के साथ उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।इसी दौरान भवन उद्घघाटन सामोरह के मुख्य अतिथि पी.पी चौधरी भी समाज भवन पहुंचे।समाज के मिडिया प्रभारी पेमाराम चोयल ने बताया कि दीवान साहब के सूरत आगमन पर सूरत,एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शाम को परबत पाटिया में अमेजिया क्लब के पास से रवाना हुई।इससे पूर्व तिलक एवं हार की बोली के दानदाता भंवरलाल धन्नाराम पुत्र चेलाराम भायल नरसिंगपुरा द्वारा दीवान साहब का बधावणा किया गया।उसके बाद कलश एंव ज्योत की बोली के दानदाता हेमाराम पुत्र रूगाराम पंवार कंटालिया द्वारा कलश एंव दीवान साहब का बधावणा कर शोभायात्रा रवाना हुई । शोभायात्रा में समाज के महिला -पुरूष परंपरागत परिधान में सजे-धजे नजर आए ।इस दौरान गैर मंडल के सदस्य गैर नृत्य की प्रस्तुति देते हुए चले।शोभायात्रा अमेजिया क्लब से शुरू होकर संत खेतेश्वर सर्कल आई माता चौक होते हुए समाज भवन पहुंची।वहां दीवान साहब ने आई माताजी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर मां आईजी से समाज की प्रगति एंव खुशहाली की कामना की।



## सम्पादकीय

# आप की महापौर

राजनीतिक धींगामुश्ती के चलते तीन बार टला एमसीडी महापौर का चुनाव आखिरकार चौथी बार सिरे चढ़ ही गया। दिल्ली की सबसे छोटी प्रशासनिक इकाई में डेढ़ दशक बाद आखिरकार भाजपा का वनवास हो गया और राजतिलक आप की शैली ओबेरॉय का हुआ। जिन्हें निर्धारित न्यूनतम वोटों से अधिक 150 पार्षदों के वोट मिले। शैली ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 वोटों के अंतर से हराया। आखिरकार शीर्ष अदालत की दखल के बाद हुए इस चुनाव को आप अपनी नीतियों की जीत बता रही है। दरअसल, दिसंबर 2022 में हुए दिल्ली नगर निगम चुनाव के बाद भाजपा 15 साल राज करने के बाद सत्ता से बाहर हो गई। जहां आम आदमी पार्टी को 134 सीटें मिली थी, वहीं भाजपा को 104 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। वहीं दूसरी ओर डिप्टी मेयर के पद पर भी आप के आले मोहम्मद इकबाल आसीन हुए। दरअसल, बुधवार को हुए चुनाव में कांग्रेस के नौ पार्षदों ने चुनाव में भाग नहीं लिया। बहरहाल, अच्छी बात है कि मेयर चुनाव के लिये चौथी बार हुए मतदान में इस बार न हाथापाई हुई और न ही नारेबाजी। उल्लेखनीय है कि विपक्षी पार्षदों के लगातार हंगामे के बाद आप की मेयर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय चुनाव कराने के लिये सुप्रीम कोर्ट चली गई थीं। दरअसल, एक विवाद का विषय उप राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों के वोटिंग अधिकार को लेकर था। तब सुप्रीम कोर्ट ने आप प्रत्याशी के पक्ष में निर्देश देते हुए कहा था कि दिल्ली में एमसीडी मेयर के चुनाव में मनोनीत सदस्य मतदान नहीं कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मेयर चुनाव में कुल 274 पार्षदों के बीच 138 वोट हासिल करने जरूरी थे। वैसे शैली ओबेरॉय ने एमसीडी का ताज तो हासिल कर लिया है, लेकिन उनकी सल्तनत सिर्फ 31 मार्च तक ही रहेगी। बहरहाल, यह वक्त बतायेगा कि अपने 38 दिन के कार्यकाल में शैली ओबेरॉय जनता की आकांक्षाओं पर कितना खरा उतर पायेंगी। दरअसल, डीएमसी की धारा दो (67) के अनुसार दिल्ली नगर निगम का साल एक अप्रैल से आरंभ होकर अगले साल 31 मार्च तक समाप्त होता है। फिर कायदे से नये महापौर का चुनाव होगा। बहरहाल, दिल्ली नगर निगम के चुनाव के अस्सी दिन के बाद दिल्ली को अपना नया मेयर मिल ही गया है।

# हिन्दी भाषा साहित्य का वैश्विक स्तर



संजीव ठाकुर

“ हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। ”

हिंदी भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है प्राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है़ हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा ष्हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं कियाष यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर




को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है। एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है। अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है। और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है, ष्निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल। जय हिंदी जय हिंदुस्तान हिंदी भाषा अमर रहे।

# नये सेल्फी पॉइंट से प्राचीन धरोहर कि सुन्दरता पर लगेगा ग्रहण




**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** हर कोई चाहता हैं,उसका शहर सुन्दर और खूबसूरत हो लेकिन दमोह के कीर्ति स्तंभ चौराहे पर प्राचीन किले को छुपा कर नगरपालिका शहरी सौंदर्यीकरण के अंतर्गत सेल्फी पॉइंट का निर्माण करा रहा हैं।नगरपालिका द्वारा हमेशा ही शहर को खूबसूरत बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जाते रहे हैं लेकिन तब भी नगरपालिका शहर को साफ स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में फिसड्डी साबित हो रही हैं स्थानीय लोगों ने बताया कि सेल्फी पॉइंट का निर्माण होने के बाद युवा वर्ग सेल्फी लेने के लिए सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो जरूर ले सकेगे लेकिन वहां जो प्राचीन किला है जिसका अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा कायाकल्प नहीं किया गया जिससे वह अपनी रंगत खोता दिखाई दे रहा हैं जबकि सेल्फी पॉइंट का निर्माण कार्य ऐसी जगह किया जा रहा हैं जिससे प्राचीन धरोहर कि खूबसूरती पूरी तरह खत्म हो जायेगी। लोगों ने यह भी बताया कि किले कि स्थिति बेहद ज?र हो चुकी हैं उसके अंदर ब?ी ब?ी कचरा रूपी झाडियाँ हो गयी हैं जिससे किला पूरा कचरे से ढक गया हैं और किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। जबकि लाखों रूपए इस किले के नाम पर खर्च हो चुके हैं इसके अलावा जहाँ सेल्फी पॉइंट का निर्माण किया जा रहा हैं वहां पर जल सप्लाई होने वाली बाल्ब लगी हैं जिससे दिनभर पानी बहता रहता हैं और सेल्फी पॉइंट बनने के बाद उसे हटाया जायेगा या उसे बंद

## नगरपालिका कि अनदेखी

किया जायेगा यह तों आने वाला समय बताएगा। शहर का प्रमुख चौराहा होने के कारण हर व्यक्ति कि नजर इस किले पर रहती हैं जबकि नगरपालिका द्वारा उसी के सामने सेल्फी पॉइंट के लिए जगह को चिन्हित करके सेल्फी पॉइंट बनाया जा रहा हैं जिसकी कीमत करीब 2लाख 30 हजार के आस पास बताई जा रही हैं और इसका निर्माण भोपाल के ठेकेदार विजय गुप्ता द्वारा कराया जा रहा हैं। आई लव दमोह को स्थापित करने के पूर्व ही ग्लोसाइन बोर्ड के कुछ पॉइंट टूट कर नीचे पडे दिखे।नगरपालिका द्वारा इस चौराहे को बडे शहरों कि तर्ज पर सेल्फी पॉइंट बनाकर तैयार किया जा रहा हैं जिससे चौराहे पर आने जाने और वहां पर समय बिताने वाले लोग इसकी तरफ रुख करें एवं दोस्तों और परिवार के साथ फोटो खिचवाएं। प्राचीन किले के संबंध में जब हमने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव हुआ।

## इनका कहना हैं

सेल्फी पॉइंट का निर्माण होना अच्छी बात हैं लेकिन शहर में और भी ऐसी कई जगह हैं,जहाँ पर नगरपालिका सेल्फी पॉइंट बना सकता हैं, वर्षो पुराने किले को ढँक कर उसकी प्राकृतिक सुंदरता से खिलवा? किया जा रहा हैं क्योंकि यह धरोहर हमारे शहर और देश को गौरवान्वित करने वाली जगह है।

**भरत यादव**
**जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा दमोह**

धरोहर शहर कि प्राचीन निशानी हैं उसे इस तरह सेल्फी पॉइंट के लिए छुपाना ठीक नहीं। सेल्फी पॉइंट शहर में जटाशंकर पहाड या अन्य स्थानों पर भी बनाये जा सकते हैं इस तरह पुरातत्व जगहों को छुपाना ठीक नहीं।

**विक्रांत गुप्ता पार्षद भाजपा**

दमोह जिले में कुछ ही ऐसी धरोहरे हैं जिसमें रानी दमयंती का संग्रहालय प्रमुख है और उसके सामने इस तरह का निर्माण करना संग्रहालय कि गाइड लाइन के विरुद्ध हैं एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मे इसका विरोध करता हुँ।

**सतीश तिवारी जिला महामंत्री भाजपा दमोह**

अतिक्रमण को लेकर मैंने कई बार जिला प्रशासन और नगरपालिका को अवगत कराया था क्योंकि किले के बाहर बडी संख्या में चाय पान के टपरे लोगों द्वारा रख लिए गए थे ये बात जरुर है कि पेड पौधे बडे होने के कारण किला कि सुन्दरता जरुर ढँक गयी हैं इसे सेल्फी पॉइंट से नहीं जोडा जा सकता।

**डॉ सुरेंद्र चौरसिया**
**केयर टेकर पुरातत्व संग्रहालय दमोह**

इस खबर के सम्बन्ध में जब हमने नगर पालिका सी एम ओ भैयालाल सिंह से उनका पक्ष जानना चाहा तों उन्होंने कई बार फोन लगाने के बाद कॉल रिसीव नहीं किया जिससे उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

**भैयालाल सिंह मुख्य नगरपालिका अधिकारी**

# हॉकी मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित अंतर जिला हॉकी प्रतियोगिता



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। हॉकी मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित अंतर जिला हॉकी की प्रतियोगिता स्थानीय एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड पर आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीमें प्रतिनिधित्व कर अपनी खेल कला कौशल का परिचय दे रही है इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह,भरत शिवहरे,राकेश हजारी ने पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की निर्णायक राजीव खोसला, राजेश सालोमन,मोहम्मद शकील,प्रवीण यादव,सौरभ राजपूत, मंगलवेध,जाकिर रंजीत गौतम,सौरभ राजपूत,सत्यम गोतेले,कैलाश कॉल प्रतियोगिता में दो क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए प्रथम मैच मंदसौर एवं टीकमगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें मंदसौर ने टीकमगढ़ को 4- 0 से हराया तों वही प्रतियोगिता का दूसरा क्वाटर फाइनल मैच होशंगाबाद एवं सागर के मध्य खेला गया जिसमें होशंगाबाद ने सागर को 4 के मुकाबले 6 गोलों से हराया। इस टूर्नामेंट में ग्वालियर टीम में तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खेल रहे हैं जिसमें अरमान कुरेशी,हसरत कुरेशी,शैलेंद्र बुंदेला शामिल है इस दौरान हरिशंकर यादव,भगवान सिंह,कफील भाई ,अल्ताफ खान राजकुमार दुबे, कपिल खरे,मकबूल खान, फिरोज खान,शैलेंद्र चौधरी,विवियन राम,अंसार खान,जिमी, तरुण ने शहर कि जनता से अपील है कि ग्राउंड पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। शनिवार को प्रतियोगिता के 2 सेमी फाइनल मैच खेले जाएंगे प्रथम मैच जबलपुर मंदसौर के मध्य 1ः30 एवं दूसरा मैच ग्वालियर होशंगाबाद के मध्य 3ः00 खेला जाएगा।

# कलशयात्रा के साथ प्रारंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

### जगह-जगह किया भक्तों ने भव्य स्वागत

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**





दमोह। शहर के भक्तों कि आस्था का केन्द्र बिन्दु मां बड़ी देवी मंदिर में देवी चित्रलेखा जी के मुखारविंद से होने वाली श्रीमद्भागवत कथा कि भव्य कलशयात्रा स्थानीय बूंदावहू मंदिर से प्रारंभ हुई जो उमा मिस्त्री तलैया, बड़ापुल, महाकाली चौराहा, गौरीशंकर तिगड्डा से होकर मां बड़ी देवी पहुंची जहाँ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ हुई। इस अवसर पर कलशयात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से लोगों द्वारा स्वागत किया गया। श्रीमद्भागवत कथा 25 मार्च से 3 मार्च तक चलेगी। और 4 मार्च को हवन पूजन और प्रसाद वितरण किया जाएगा। कलशयात्रा में मुख्य जजमान श्रीमती सुमन देवी राय ने विधिवत पूजन अर्जन किया। पहले दिन देवी चित्रलेखा ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि जिस तरह गंगा मैया प्राचीन हो सकती है, पुरानी नहीं हो सकती, उसी प्रकार श्रीमद् भागवत कथा गंगा भी प्राचीन है, कभी पुरानी नहीं हो सकती। श्रीमद् भागवत कथा चंद्रमा की चांदनी है। इसका प्रकाश चंद्रमा की चांदनी की तरह जीवन के हर कठिन समय में शीतलता प्रदान करती है।केवल ज्ञान ही एक ऐसा अक्षय तत्त्व है, जो कहीं भी किसी अवस्था और किसी भी काल में मनुष्य का साथ नहीं छो?ता। उन्होंने कहा कि मन आपका है। आप इसे जहाँ चाहें लगाएं। चाहें तो इसे प्रभु भक्ति में समर्पित करे या चाहें तो विषय भोगों में लगा लें। मन की प्रकृति नीच है। इसे केवल बुरे कर्म ही अच्छे लगते हैं। यह जानबूझ कर अमृत को त्याग हर प्रकार की विषय-वासना में लिप्त रहता है। मन वासनाओं का मुरीद है। ध्यान, सत्संग और सिमरन इसके शत्रु हैं। यह परमात्मा से दूर भागता है। अगर जीवन में सुख शान्ति चाहिए, आनन्द चाहिए, उत्सव चाहिये तो परमात्मा ही एक सहारा है।

# टाइम में सीपीआर मिल जाए तो निश्चित ही उसकी जान बचाई जा सकती हैः आशुतोष बागरी एसपी मुरैना

## सीपीआर का यह प्रशिक्षण ब्राइट कैरियर स्कूल अम्बाह पुलिस ने समाज जनों के हित में किया एक मानवीय प्रयास है

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिह नरबरिया के निर्देशन में आज यह सेमीनार अम्बाह थाना प्रभारी बिनय यादव ने ब्राइट कैरियर में प्रशिक्षण के दौरान में बताया आज के टाइम में सीपीआर मिल जाए तो निश्चित ही उसकी जान बचाई जा सकती है। सीपीआर का यह प्रशिक्षण अम्बाह पुलिस व बीएमओ डा. यादव ने समाज जनों के हित में किया जा रहा एक मानवीय प्रयास है। आमजन के लिए भी इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर अम्बाह थाना व स्कूलो आयोजित किए जाते रहना चाहिए ताकि सभी लोग स्वास्थ्य रक्षा के प्रति सजग और जागरूक हो सकें सीपीआर से इन्हें मिला नया जीवन... रक्षित निरीक्षक को पड़ा दिल का दौरा पुलिसकर्मियों ने दिया सीपीआर = राजधानी भोपाल के ओल्ड कैंपियन मैदान पर 29 जनवरी 2023 को अन्य पुलिसकर्मियों के साथ क्रिकेट खेल रहे रक्षित निरीक्षक दीपक पाटिल को अचानक दिल का दौरा पड़ा। वह सीने में दर्द के कारण जमीन पर गिर पड़े। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें




तत्काल सीपीआर देना शुरू कर दिया। सीपीआर मिलने से आरआई दीपक पाटिल की सांसें दोबारा चलने लगी। इसके बाद पुलिसकर्मी उन्हें नजदीक के अस्पताल ले गए। अस्पताल में कुछ दिन भर्ती रहने के बाद वे अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैंमहिला पुलिसकर्मी ने सीपीआर देकर बचाई बुजुर्ग की जान = ग्वालियर में एक महिला पुलिसकर्मी ने समय पर एक बुजुर्ग को सीपीआर देकर उनकी जान बचाई और समय पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। दरअसल, 12 दिसंबर 2022 को गोले के मंदिर चौराहे पर यातायात पुलिस की महिला उपनिरीक्षक सोनम पाराशर यातायात प्रबंधन संभाल रही थी। तभी एक बुजुर्ग को अचानक दिल का दौरा पड़ा और वह अचेत होकर सड़क पर गिर पड़े। उन्हें देखकर महिला उपनिरीक्षक सोनम पाराशर तत्काल वहां पहुंची और सीपीआर देकर उनकी जान बचा ली। ड्यूटी पर तैनात डीएसपी की बचाई जिंदगी = इंदौर के होलकर स्टेडियम में 24 जनवरी 2023 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए क्रिकेट मैच के दौरान ड्यूटी पर तैनात डीएसपी ध्रुवराज सिंह चौहान को अचानक दिल का दौरा पड़ा। उनके सीने में तेज दर्द के साथ ही मुंह से खून आ गया। यह देख उनके साथ ड्यूटी पर तैनात अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें सीपीआर दिया। इसके बाद उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई जा सकी...

# जिले के सभी थानों एवं पुलिस लाइन में सी.पी.आर. का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## 637 अधिकारी/ कर्मचारियों को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के समस्त जिला पुलिस इकाई एवं वाहनियों के पुलिस अधीकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले के समस्त थानों एवम पुलिस लाइन परिसर में डॉक्टरो टीम द्वारा सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत आज पुलिस लाईन सीहोर एवं जिले समस्त थानों में डॉक्टरों के सहयोग से कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। जिला मुख्यालय पर संबंध में जिला चिकित्सालय के डॉ. आर. के. वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

**इस दौरान**–अधिकारी/कर्मचारियों को व्यक्ति की जान बचाने के लिए आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान किस तरीके से दिया जाना है। इस संबंध में सम्पूर्ण जिले के विभिन्न थाना एवं मुख्यालय स्तर पर 637 अधिकारी/ कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में लोगों की जान बचाई जा सके। साथ ही यह भी बताया गया कि हार्ट अटैक की घटनाओं को देखते हुए यह प्रकाश में आया है कि मरीज को तत्काल यदि सीपीआर दी जाये तो जिंदगी बचाई जा सकती है। मरीज या घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए सीपीआर एक बहुत महत्वपूर्ण तरीका है। कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक आपातकालीन प्रक्रिया है,जो किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुकने पर उसकी जान बचाने में मदद कर सकती है। इससे कार्डियक अरेस्ट और सांस न ले पाने जैसी आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस








अवसर पर श्री इरशाद वली पुलिस महानिरीक्षक (देहात) जोन भोपाल, श्री प्रवीण सिंह अड़ायच कलेक्टर सीहोर, श्री मयंक अवस्थी पुलिस अधीक्षक सीहोर, श्री गीतेश गर्ग अति. पुलिस अधीक्षक सीहोर, श्री निरंजन सिंह राजपूत नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर एसडीओपी सुश्री अर्चना अहीर, डीएसपी अजाक सीहोर सुश्री अंजली रघुवंशी, रक्षित निरीक्षक कविता डामोर, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक नलिन बुदोलिया, मंडी थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरिसिंह परमार, कंट्रोल रूम प्रभारी श्री करण ठाकुर, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुश्री पूजा राजपूत, उपनिरीक्षक अविनाश भोपले सहित थाना कोतवाली,मंडी, पुलिस लाइन, यातायात, महिला थाना, अजाक एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# बिरला सीमेंट का एटा कासगंज डिस्ट्रिक्ट मैं हुआ हल्ला बोल कार्यक्रम







**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा उत्तर प्रदेश की प्रमुख और देश की अग्रणी सिमेंट कम्पनी स्क्क बिरला सिमेंट का एटा कासगंज डिस्ट्रिक्ट में ष्टस्स् 2द्दद्दद्म ( हल्ला बोल) कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ जिसकी शुरुआत कम्पनी कि ब्रांच हेड श्री विवेक गुप्ता जी और उनकी टीम ने फ़्लैग होस्टिंग के साथ किया! इस 5 दिवसीय कार्यक्रम में कम्पनी के विक्रय और तकनीकी अधिकारी अपने सभी विक्रेता बन्धू से उनकी दुकानो पर मिलकर उनका सम्मान करेगी और उनका उत्साह वर्धन करेगी, साथ ही साथ जनपद के मुख्य राज मिस्त्री, ठेकेदार और एंजिनीर मीटिंग कि मध्यआम से प्रोडक्ट क्वालिटी और बेहतर निर्माण विधि की चर्चआ करेगी और उनका सम्मान करेगी। इस 5 दिवसीय कराक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने सभी विक्रेताओं को यह संदेश देना ह की स्क्क बिरला सिमेंट के पास उच्च क्वालिटी प्रोडक्ट के साथ बेहतर टेक्निकल सपोर्ट कस्टमर और व्यापारी के लिए उपलब्ध हैं, और कम्पनी एटा कासगंज और फ़िरोज़ाबाद में अपने व्यापार का विस्तार करेगी! इस ष्टस्स् वीक का समापन कम्पनी एक विक्रेता सम्मेलन कि साथ करेगी जिसने टीनो जनपद कि कम्पनी के प्रमुख विक्रेता सहभाग लेंगे और जिसमें मुख्य अतिथि जेनरल मैनेजर श्री अमिताभ त्रिपाठी जी ह। इस मौक़े पर कम्पनी के सीएफए के के गुप्ता जी एंड श्री प्रवेश गुप्ता जी ने कम्पनी के सभी अधिकारियों को मीडिया को धन्यवाद किया। इस मौक़े पर टेक्निकल मैनेजर श्री आशीष चक्रवर्ती जी, श्री मुकेश दीक्षित श्री दिलीप चौधरी श्री गौरव उपाध्याय आदि उपास्थि रहे।

# विकास यात्रा में हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का लाभ : सांसद श्रीमती संध्या राय

## विकास यात्रा के उद्देश्यों की प्राप्ति में हम सबकी कारगर भूमिका है : जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रदेशव्यापी विकास यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत आज सांसद श्रीमती संध्या राय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया के नेतृत्व में नगर परिषद आलमपुर में विकास यात्रा पहुंची। नगर परिषद आलमपुर में विकास यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन कर किया गया। विकास यात्रा कार्यक्रम के दौरान जनसेवा अभियान अंतर्गत स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विकासखण्ड अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सांसद श्रीमती संध्या राय ने विकास यात्रा के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले भर में विकास यात्रा निकाली जा रही है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए जन हितैषी योजनाओं का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत् माताओं बहनों को एक हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा इससे हमारी बहने आत्मनिर्भर बनेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने विकास यात्रा के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास यात्रा के उद्देश्यों



की प्राप्ति में हम सबकी कारगर भूमिका है उन्होंने कहा कि आप सब ही सुगमता से बता सकते हैं कि किस व्यक्ति को अब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिला है ताकि हम सब उन्हें शासन की पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिला सकें। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दौरान किन्ही कारणों से वंचित रहे पात्रताधारियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके यही विकास यात्रा का मूल सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित कर समाज में यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि इस प्रकार का यदि कोई वंचित रह गया है तो उसे अविलम्ब नियमानुसार मदद पहुंचायी जाए।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शारीरिक प्रकटोत्सव आज

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग का शारीरिक प्रकटोत्सव 26 फरवरी को सायं 4 बजे न्यू कलेक्ट्रेट के पास महाराणा प्रताप कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीसीटी) में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ग्वालियर विभाग संघचालक विजय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ग्वालियर के सेवा निवृत्त निदेशक डॉ.डीके दुबे होंगे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक दीपक जी विस्पुते होंगे। उन्होंने बताया कि विश्व कल्याण के भाव से भारत माता को पुन- परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 98 वर्षों से व्यक्ति निर्माण और समाज संगठन के कार्य में साधनारत है। इस पवित्र कार्य की प्रगति के स्व-आकलन हेतु विभिन्न स्तरों पर प्रकटोत्सव आयोजित करना, यह संघ की कार्य पद्धति का महत्वपूर्ण अंग है। इसी तारतम्य में यह शारीरिक प्रकट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।







# विकास यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन-जन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना एवं जनकल्याण हैः राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** नगर परिषद गोरमी द्वारा विकास यात्रा के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन नगर के तहसील प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्री ओपीएस भदौरिया उपस्थित रहे। विकास यात्रा अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया द्वारा कन्या पूजन कर किया गया। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने उपस्थित आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आज प्रदेश भर में विकास यात्रा निकाल रही है विकास यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। गरीब एवं असहाय व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजना का लाभ दिलवाना है। सरकार ने यहां पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया है लाड़ली लक्ष्मी योजना, किसान सम्मान निधि, मेधावी छात्र योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाकर आज इन योजनाओं का लाभ हजारों परिवारों को मिल रहा है। 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर एक और महत्वाकांक्षी योजना प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जा रही है। लाड़ली बहना योजना, जिसमें प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये प्रति माह दिया जाएगा। विकास यात्रा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को आवास एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र एवं खाद्यान्न पर्ची का वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया।

# सदाचार और अनुशासन छात्र जीवन में आवश्यक : सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया

## ज्ञान के साथ अनुशासन आपको, आपकी मंजिल तक पहुँचायेगा : विधायक संजीव सिंह




**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । विकास यात्रा के दौरान शा.उत्कृष्ट उमावि क्र.01 भिण्ड में 125.33 लाख की लागत से नवनिर्मित इनडोर शूटिंग रेंज, एक अतिरिक्त कक्ष, साईकिल स्टैंड का लोकार्पण हुआ। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास यात्रा के दौरान शा.उत्कृष्ट उमावि क्र.01 भिण्ड में 125.33 लाख की लागत से नवनिर्मित इनडोर शूटिंग रेंज, एक अतिरिक्त कक्ष, साईकिल स्टैंड का लोकार्पण किया। इस दौरान भिण्ड विधायक संजीव सिंह कुशवाह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि ÷आप मेहनत करेंगे तो आगे बढ़ेंगे÷ अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने सदाचार तथा अनुशासन को छात्र जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए कहा है, कि इन गुणों को अपने व्यवहारिक जीवन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि खेल एवं प्रतियोगिता बच्चों के अंदर उमंग एवं उत्साह का वर्धन करती है। साथ ही प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका भी मिलता है। प्यारे बच्चे हमारे भविष्य हैं, जो भविष्य की अपार संभावनायें समेटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब इन होनहार स्कूली खिलाड़ियों को शूटिंग की प्रैक्टिस खुले मैदान में नहीं करना पड़ेगी, क्योंकि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंबर 01 परिसर में नवनिर्मित इनडोर शूटिंग रेंज बनकर तैयार हो चुकी है। 24 लाख रुपए की लागत से तैयार इस शूटिंग रेंज को अंतरराष्टीय स्तर के मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। जिले में अन्य किसी भी जगह पर शूटिंग रेंज नहीं होने से बच्चों को खुले मैदान में शूटिंग की रिहर्सल करना पड़ती थी। जिस वजह से बच्चे अपने लक्ष्य पर सही तरीके से निशाना नहीं लगा पाते थे। लेकिन अब स्कूल परिसर में इनडोर शूटिंग रेंज बनने से बच्चों को खुले में प्रैक्टिस नहीं करना पड़ेगी। जिससे अपने जिले के बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन कर देश में अपने जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपकी उम्र छोटी जरूर है लेकिन उड़ने के लिए बहुत ऊंचा खुला आसमान भी है। आप सभी पूरे मनोयोग से पड़ाई एवं अपनी कला का प्रदर्शन करें अन्य सभी की चिंता सरकार कर रही है। आप लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में सफल होने की शुभकामनाएं दी हैं। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने बच्चों से कहा की आज के युग का सबसे शक्तिशाली अस्त्र ज्ञान है, ज्ञान के साथ विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है यह जीवन पर्यन्त आपको दूसरों से आगे रखेगा। ज्ञान के साथ अनुशासन आपको आपकी मंजिल तक पहुँचायेगा। उन्होंने कहा की सभी बच्चे मन लगा कर पड़ाई कर जीवन में तरक्की करें और अपने माता-पिता, विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करें।

# रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विकास यात्रा पंहुची विकासखण्ड किरनापुर के ग्राम पीपलगांव खुर्द,पौनी, कोसमारा, पीपलगांव कला, जोधीटोला, ककोडी एवं पल्हेरा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश सरकार की विकास गाथा रूपी विकास यात्रा 5 फरवरी से विकासखण्ड लांजी एवं किरनापुर के प्रत्येक गांव तक पंहुच रही है। इस विकास यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा किया जा रहा है जो कि पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारीयों कर्मचारियों के साथ विकास यात्रा लेकर चल रहे है साथ ही जनता से मिलकर उन्हे सरकार की योजनाओं एवं क्रियान्वयन की जानकारी दे रहे। इसी क्रम में 25 फरवरी को विकास यात्रा किरनापुर अनुभाग के ग्राम पंचायत पीपलगांव खुर्द, पौनी, कोसमारा, पीपलगांव कला, जोधीटोला, ककोडी एवं पल्हेरआ पहुंची। इस यात्रा में प्रमुख रूप से गौरीशंकर बिसेन अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, किरनापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष, प्रशासनिक अमले से श्रीमती ज्योति ठाकुर एसडीएम, सुश्री निकिता मंडलोई एसडीएम किरनापुर, तहसीलदार, सीईओ, प्रशासनिक अधिकारी अनुभाग लांजी किरनापुर, आजीविका मिशन की दीदीयॉ, समूह, आजीविका के अधिकारी कर्मचारी गण, एरिकेशन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त सभी ग्राम की जनता प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

**रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया जनता को संबोधित**-भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे उक्त ग्रामों मे विकास यात्रा लेकर पंहुचे जहां आपने जनता को संबोधित करते हुए आज संबल जैसी जनहितकारी योजना से सभी को बल मिल रहा है, आकस्मिक निधन पर 2 लाख एवं दुर्घटना से मृत्यु पर 4 लाख रुपए की राशि शिवराज




सरकार दे रही है। आगे श्री भटेरे ने कहा कि आज मोदी सरकार एवं शिवराज सरकार ने आपके लिये जब बच्चे के जन्म से लेकर देवलोक गमन तक के लिये योजनाऐं लाई है हम आज उन विकास गाथा का बखान करने आपके बीच आये है। आज सोचिये क्या नही किया आप लोगो के लिये, घरो मे नल जल योजना के माध्यम से पानी, किसानो को 10 हजार रूपये सालाना, 12 वीं मे 80 प्रतिशत प्राप्त करने वाले बेटी बेटा को 25 हजार लैप टॉप के लिये, जो भी उच्च शिक्षा करना चाहता है। जब से मोदी जी की सरकार आई है आपको आपके खाते मे सीधे पैसे पंहुच जाते है बिचौलियो का सवाल ही पैदा नही होता। लाडली लक्ष्मी योजना जिसमे बेटीयो को करीब 1 लाख 43 हजार रूपये मिलेंगे और अब लाडली लक्ष्मी योजना के बाद आप बहनों के भाई शिवराज लाडली बहना योजना लेकर आ रहे है आगामी 8 मार्च महिला दिवस के दिन आपके फार्म भराये जायेंगे एवं आने वाली रक्षाबंधन से आपके भाई शिवराज सिंह चौहान आप बहनो के खातो में प्रतिमाह 1 हजार रूपये प्रदान करेंगे मतलब 12 हजार रूपये साल एवं किसान भाईयो को 10 हजार रूपये साल मतलब आपके घर मे 22 हजार रूपये साल के मोदी एवं शिवराज सरकार के द्वारा प्रदाय किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आज आजीविका मिशन के माध्यम से हमारी स्व सहायता समूह की दीदीयॉ भारत देश के आत्मनिर्भर भारत को चरितार्थ कर रही है। इसी कडी मे आपने ग्रामो के विकास कार्यो को भी जनता के समक्ष रखा प्रत्येक ग्राम पंचायत मे कितने विकास कार्य हुये है उनकी जानकारी विस्तार से जनता के समक्ष रखी।

## गांव गांव पहुंच रही है हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा, गांधी चौपाल के माध्यम से उजागर की जा रही हैं भाजपा की असफलता

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के आवाहन पर प्रत्येक विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत गांव गांव में गांधी चौपाल लगाकर प्रदेश में भाजपा सरकार की असफलता को बताया जा रहा है एवं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा व कांग्रेश पार्टी के सिद्धांतों को घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज गिरगांव मंडलम के अंतर्गत पड़ने वाले गांव खडेर, हबीपुरा, बघोरा, बघराई, निबरौल, बगथरा, पिपाहडा, इटाइदा, गिरगांव आदि गांवों में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा पहुंची। यात्रा का इन गांव में भव्य स्वागत किया गया। इस हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा गांधी चौपाल लगाकर भाजपा सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों को उजागर किया गया एवं कांग्रेस पार्टी की अच्छाइयों को लोगों के समक्ष साझा किया गया इस दौरान कांग्रेस पार्टी के गोहद ब्लॉक के अध्यक्ष आशीष गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष गणेशराम शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, कुलदीपगुर्जर,जिला पंचायत सदस्य केशव देसाई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेखा बसेडिया, एंड. तिलकसिंह राजौरिया, अवध किशोर बंटी गुर्जर कैलाश गुर्जर, कैलाश माहौर, जनपद सदस्य संजय जाटव, पिंकी उच्चाडिया, देवदत्त चौधरी, रामहेत जाटव, देवेन्द्र पाठक, महेश कौशल, सुजान गुर्जर बबलू बरैया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इससे पहले शुक्रवार को गोहद विधायक मेवाराम जाटव के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के अंतर्गत चितौरा मंडलम के गांवों में गांधी चौपाल लगाकर यात्रा के सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाया गया।

## 3 मार्च को मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रभारी मंत्री ने ली समीक्षा बैठक

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी।** पिछोर विधानसभा में 3 मार्च को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के संभावित कार्यक्रम को लेकर शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने जिले के सभी विभागों के विभाग प्रमुख तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव और सहायक सचिव को लेकर अलग-अलग समीक्षा बैठक की। प्रभारी मंत्री शा छत्रसाल कॉलेज के सभा कक्ष में पहुंचे जहां उन्होंने कलेक्टर एसपी समेत सभी अधिकारियों को की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्देश दिए और व्यवस्थाएं सौंपी। तत्पश्चात सरपंच और सचिव सह सचिव को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान ड्रेस कोड में बैठे सचिवों को लेकर सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के नवाचार अंतर्गत पंचायत में सचिव एवं रोजगार सहायकों के लिए लागू किए गए ड्रेस कोड को प्रभारी एवं पंचायत विभाग के मंत्री द्वारा सराहना की गई उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लागू करवाऊंगा शिवपुरी जिले की जनपद पंचायत पिछोर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में सचिवों के लिए ड्रेस कोड जिला पंचायत सीईओ मरावी के निर्देशन में तथा पिछोर जनपद सीईओ पुष्पेंद्र व्यास द्वारा 31 जनवरी को लागू किया गया था जिसमें पिंक कलर की शर्ट और ब्लैक कलर का पेंट सचिवों ने आपसी सहमति से तय कर निर्धारित किया। प्रभारी मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करना भी पंचायत की जिम्मेदारी है। उन्होंने 5 मार्च से प्रारंभ होने वाली लाडली बहना योजना के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने कार्यक्रम की तैयारियों को व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। साथ ही अपने 1 माह के कार्यकाल के अनुभव के दौरान प्राप्त शिकायतों के आधार पर पिछोर क्षेत्र में सर्वाधिक प्राप्त शिकायतों को लेकर चिंता जाहिर की तथा अधिकारियों को 28 फरवरी तक अपने स्तर पर पेंडेंसी को क्लियर करने के निर्देश दिए। वही पंचायत सचिवों को सभी पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्ची, पेंशन आदि जारी करने के कड़े शब्दों में निर्देश दिए तथा समय सीमा में समाधान ना होने पर व शिकायतें प्राप्त होने पर शक्त कार्रवाई करने की बात कही। पिछोर पहुंचे मंत्री सिसोदिया ने 3 मार्च के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया।



## विशाल कलश यात्रा निकली, ग्यारह सौ महिलाओं ने सिर पर रखे कलश, मंगलगीत भी गाये, नरगड़ में दूसरी बार हुआ भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

उनाव । कस्वा उनाव से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित नरगड़ गांव के खाती बाबा मंदिर पर भागवत कथा का शुभारंभ शाम पांच बजे विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया।तकरीबन ग्यारह सौ से अधिक महिलाओ ने सिर पर कलश धारण कर मंगलगीत गाये।कलश यात्रा में शामिल महिलाओं की सूर्य मंदिर से मुख्य बसस्टेंड तक कतार नही टूटी।कलश यात्रा के आगे चल रही बग्घीओ में सन्त समाज बिराजमान रहे।आगे दो दर्जन से अधिक घोड़े कई डीजे व अपार जन समूह चल रहा था ।युवा बर्ग धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे।कलश यात्रा सूर्य मंदिर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार बस स्टैंड भांडेर मार्ग होते हुए खाती बाबा मंदिर पहुँची। कलश यात्रा में उनाव नरगढ, भदेवरा, कामद, तरगुवा सहित दूरदराज के गांवो से आई महिलाओ ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मिहोनी सरकार खड़ेश्वरी महाराज महाराज, कल्याणदास महाराज, बलरामदास महाराज अंबाला केंट, महंत नरेश उत्तमदास त्यागी, राधा रविशंकर साहू, हरीशंकर साहू, गौरीशंकर साहू, इंदु



यादव, मोनू पंडा, विक्की रायकवार, सुलतान परिहार, राकेश परिहार, सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी नागरिकों ने भक्ति भाव के साथ हिस्सा लिया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ
### मां चिल्लासन देवी मंदिर पर ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ आज से

**गोहद।** मुरैना जिले के सिहोनिया से 2 किलोमीटर दूर गोहद तहसील के भोनपुरा के पास बावन बीसासौ चौरासी



एवं चिल्लासन देवी मंदिर चिराई भोनपुरा में श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ आज से किया जा रहा है। इस कलश यात्रा का शुभारंभ 26 फरवरी को सुबह 9:00 बजे से मुरैना जिले के सिहोनिया से होगा। सिद्ध क्षेत्र अति प्राचीन महाभारत कालीन आसननदी के किनारे सिहोनिया मुरैना भिंड की सीमा पर स्थित भोंनपुरा गांव में मां चिल्लासन देवी, खाटूश्याम बाबा, भगवान श्री कृष्ण, शिव परिवार, देव व्यास, सिद्ध बाबा, हीरामन बाबा क्रांतिकारी सिलार बाबा की मूर्ति स्थापना को एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक महोत्सव एवं 26 फरवरी 2023 रविवार को श्रीमद् भगवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 4 मार्च तक चलेगा जिसमें कथावाचक पंडित किशोरी चंद रामायणी बीकानेर वाले सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा को अनुग्रहित कराएंगे। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कार्यक्रम इस प्रकार है। रविवार, 26 फरवरी 2023 श्रीमद् भागवत पूजन कलश स्थापना एवं महात्म्य, सोमवार 27 फरवरी पारीक्षत जन्म सृष्टि वर्णन, मंगलवार 28 फरवरी, ध्रुव चरित्र अजामिल उपाख्यान, बुधवार 1 मार्च श्री कृष्ण जन्म नन्दोत्सव, गुरुवार 2 मार्च श्री कृष्ण बाल लीला गोवर्धन पूजा 56 भोग, शुक्रवार 3 मार्च गोपी उद्धव संवाद रुक्मणी विवाह, शनिवार 4 मार्च सुदामा चरित्र व्यास पूजन हवन, शनिवार 4 मार्च हवन, भण्डारा एवं सन्त प्रसाद दोपहर 4:00 बजे से समापन आदि तक। पारीक्षत बदन सिंह (दद्दू) तोमर कमला देवी तोमर झावलपुरा गोहद जिला भिण्ड रहेंगे।

## मानवीय बौद्धिक संपदा अधिकार पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में बौद्धिक संपदा अधिकार व शोध प्रविधि विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन भौतिकशास्त्र व रसायन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजित सेमिनार में छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के 150 प्रतिभागी सम्मिलित हुए एवं 20 शोधपत्र का वाचन किया गया। दो दिवसीय इस सेमिनार का विधिवत उद्घाटन डॉ. संजीब बैनर्जी,एसोसिएट प्रोफेसर आईआईटी, भिलाई व संस्था प्रमुख डॉ सी एल देवांगन, सेमिनार के संयोजक डॉ गोवर्धन यदु, सहसंयोजक प्रोफेसर एम एल वर्मा, आयोजक सचिव डॉ देवेंद्र देवांगन के आतिथ्य में मां वीणापाणि की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया उद्बोधन की कड़ी में सर्वप्रथम सेमिनार के संयोजक डॉ गोवर्धन यदु ने सेमिनार की प्रासंगिकता व रूपरेखा पर प्रकाश डाला व उद्बोधन की अगली कड़ी में संस्था प्रमुख ने सेमिनार के आयोजक समिति को अनेकानेक बधाई देते हुए सेमिनार की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी एवं भविष्य में भी सतत रूप से इस तरह की सेमिनार के आयोजन की बात कही। प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ संजीब बैनर्जी ने अपने व्याख्यान ॉइंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्सॉ विषय पर गहनता से पेटेंट,कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ट्रेड नेम्स, ट्रेड ड्रेस, जीआईएस जिसके अंतर्गत फेडरल राइट्स,इंटरनेशनल प्रोटेक्शन,कॉमन लॉ राइट्स, पेटेंट डिजाइन,लीगल मोनोपोली,टाइप्स ऑफ आईपीआर पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ बलराम अंबाडे, एसोसिएट प्रोफेसर जमशेदपुर ने अपने व्याख्यान बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर सूक्ष्मता से काइंड ऑफ प्रॉपर्टी,नेचर ऑफ़ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी,मेजर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी, इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी, आईपी लॉ ऑफ इंडिया,स्कोप ऑफ कॉपीराइट्स,पेटेंट के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। तृतीय सत्र में सेमिनार के संयोजक डॉ गोवर्धन यदु, सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र ने अपने व्याख्यान ÷भारत में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स÷ विषय पर गहनता से नेचर ऑफ़ आईपीआर, कांस्टीट्यूशनल एस्पेक्ट्स आफ आईपीआर, टाइप्स ऑफ आईपीआर जिनमें इंडस्ट्रियल राइट्स प्रॉपर्टी कॉपीराइट एंड रिलेटेड राइट्स इत्यादि के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। राष्टीय सेमिनार के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में बौद्धिक संपदा व रिसर्च से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्राध्यापकों,शोधार्थियों व विद्यार्थियों द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया इस सत्र के चेयरपर्सन के रूप में डॉ समीक्षा चंद्राकर,सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान मंचित रही शोध पत्र वाचन की कड़ी में सर्वप्रथम आकाश बाघमारे ने प्लेगेरिज्म,क्षमा शिल्पा मसीह ने शोध समस्या का चयन,मारकंडे सर ने सोर्स ऑफ डाटा कलेक्शन, श्वेता खरे ने रिसर्च एथिक्स, मनीषा भोई ने प्लेगेरिज्म टेस्टिंग टूल्स,डॉ.देवेंद्र देवांगन ने टाइप्स ऑफ प्लेगेरिज्म व मुकेश कुर्रे ने टाइप्स ऑफ़ रिसर्च पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। तत्पश्चात द्वितीय सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ रोशन लाल देवांगन सहायक प्राध्यापक साइकोलॉजि आसनसोल, पश्चिम बंगाल ने अपने व्याख्यान ÷सामाजिक विज्ञान और मानविकी में शोध विधि÷ विषय पर सूक्ष्मता से शोध का प्रभाव, परिमाणात्मक या गुणात्मक विधि,प्रभाव,प्रायोगिक डिजाइन,सिद्धांत निर्माण, धरातल डिजाइन,रिसर्च मेथोडोलॉजी इन क्लासरूम इत्यादि पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तृतीय सत्र के विषय विषय के रूप में डॉ स्वाति सिन्हा एसोसिएट प्रोफेसर आसनसोल पश्चिम बंगाल ने अपने व्याख्यान इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स कॉन्सेप्ट एंड नीड विषय के अंतर्गत आईपीआर दो प्रॉपर्टी नीड आईपीआर एमसीएमसी मारियो व्हेन टू बी ग्रांटेड हाउ टू गेट वेयर टू फाइल एंड एप्लीकेशन प्रोसीजर ऑफ फीलिंग एप्लीकेशन हाउ टू राइट प्रोसीजर इन ऑफिस ड्यूरिंग रायड्स इत्यादि पर सिकंदर से हुआ बड़ी सरलता से अपना विचार प्रस्तुत किया प्रतिभागियों ने आईपीआर व शोध प्रविधि से संबंधित अनेक प्रश्न विषय विशेषज्ञों से साझा किये जिसका बड़ी सरलता से उन्होंने उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया तत्पश्चात विभिन्न महाविद्यालय के प्रतिभागियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया इसके पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया कार्यक्रम का संचालन श्वेता खरे व मनीषा भोई, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने किया सेमिनार के अंतिम कड़ी में प्रो. एम एल वर्मा ने आभार प्रदर्शन देते हुए दो दिवस तक चलने वाले इस सेमिनार के समापन की घोषणा की।

## गोवर्धन सप्तकोसीय परिक्रमा में होली गायन पर नाच रहे श्रद्धालु, खेल रहे होली

**मथुरा।** ब्रज के मंदिरों में होली के उत्सव जारी हैं। बरसाना, नंदगांव मंदिर के अलावा गोवर्धन के दानघाटी और मुकुट मुखारविंद पर होली के रसियाओं का गायन चल रहा है। दूर दराज से आये लोग ब्रज की होली और रसिया गायन को अपने मोबाइलों में कैद कर रहे हैं। गिरिराज धाम की सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में गुरुवार गुलाल कुंड में भी होली का गुलाल खूब परिक्रमार्थियों ने उड़ाया। यहां ठाकुरजी राधा रानी के साथ होली खेलते हैं। वैसे तो होली साल के फागुन मास में मनाई जाती लेकिन लेकिन ब्रज में यह एक ऐसा भी स्थल जहां ठाकुर जी रोजाना राधारानी के साथ गांठ बांधकर होली खेलते हैं।

## सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी अबतक ले चुकी है 87 लोगों की जान

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद जिले के अंतिम छोर में बसा देवभोग विकासखंड सुपेबेड़ा गांव के लोग एक ऐसी बीमारी का शिकार हो रहे हैं, जिसकी वजह से यहां की आबादी घटती जा रही है। शादियां न होने की वजह से बच्चे भी नहीं हो रहे और यहां के लोग अपने गांव के अस्तित्व को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी को लेकर इस कदर दहशत है कि लोग पलायन कर रहे हैं। गरियाबंद जिले के इस 1000 की आबादी वाले गांव में सन् 2005 से लगातार किडनी की बीमारी से मौत का सिलसिला जारी है। अब तक यहां 87 मौतें हो चुकी है। स्थिति लगभग दो दशक होने जा रही हैं सुपेबेड़ा में गुर्दे की बिमारी से अबतक 87 लोगों की मौत हो चुकी है सुपेबेड़ा निवासी 36 वर्ष धर्मेंद्र नेताम की मृत्यु हुई धमेंद्र नेताम 2020 से किडनी की बिमारी से पीड़ित 18 बार डायलिसिस कर चुके थे।

# कॉलेज में बुरी फंसी करीना कपूर की विवेक ओबेरॉय ने यूं की थी मदद



बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय भले ही फिल्मों में कम नजर आ रहे हों, लेकिन सोशल मीडिया पर उन्हें खूब एक्टिव देखा जाता है. विवेक ओबेरॉय अक्सर अपने बयानों से भी चर्चा में रहते हैं. हाल ही में विवेक ओबेरॉय ने खुलासा किया था कि एक समय में वो इतने परेशान हो गए थे कि सुसाइड तक के बारे में सोच रहे थे. ऐसे में उनकी पत्नी प्रियंका ने उन्हें हिम्मत दी और डिप्रेशन से उबरने में मदद किया. इसी तरह एक्टर ने एक बार करीना कपूर को लेकर बड़ा खुलासा किया था. विवेक ओबेरॉय ने बताया था कि मीठीबाई कॉलेज के दिनों में उन्होंने करीना कपूर की मदद की थी. उनकी मदद को देखकर खुद बेबो भी हैरान रह गई थीं. दरअसल, यह मामला तब का है, जब करीना कॉलेज में पड़ा करती थीं. हुआ कुछ ऐसा था कि करीना और विवेक ओबेरॉय एक ही कॉलेज में पड़ते थे. विवेक करीना से कुछ साल सीनियर थे. कॉलेज टाइम में एक बार करीना कपूर को अटेंडेंस की दिक्कत हुई तो उनकी मदद के लिए विवेक ओबेरॉय आगे आए. विवेक ने चुटकियों में एक्ट्रेस की अटेंडेंस की प्रॉब्लम दूर कर दी. एक मीडिया हाउस से बातचीत के दौरान विवेक ने कहा था, मुझे याद है कि बेबो नई-नई मेरे कॉलेज में आई थीं. मैं सीनियर था बेबो का. एक दो साल. वो आगे कहते हैं, बेबो को दिक्कत हो रही थी अटेंडेंस की. मैंने कहा, फिकर नॉट. अपुन है. लेके गया डिटेल्स और अंदर से उसका पूरा अटेंडेंस क्लियर कराके लेके आया. इसके बाद करीना ने विवेक से पूछा कि उन्होंने ये कैसे किया, जिस पर एक्टर ने उनसे कहा, खुश रहो, मजे में रहो. बता दें कि करीना और विवेक कुर्बान, युवा और ओमकारा जैसी फिल्मों में साथ नजर आए हैं.

हाल ही में विवेक ओबेरॉय ने खुलासा किया था कि एक समय में वो इतने परेशान हो गए थे कि सुसाइड तक के बारे में सोच रहे थे. ऐसे में उनकी पत्नी प्रियंका ने उन्हें हिम्मत दी और डिप्रेशन से उबरने में मदद किया. इसी तरह एक्टर ने एक बार करीना कपूर को लेकर बड़ा खुलासा किया था. विवेक ओबेरॉय ने बताया था कि मीठीबाई कॉलेज के दिनों में उन्होंने करीना कपूर की मदद की थी. उनकी मदद को देखकर खुद बेबो भी हैरान रह गई थीं. दरअसल, यह मामला तब का है, जब करीना कॉलेज में पड़ा करती थीं. हुआ कुछ ऐसा था कि करीना और विवेक ओबेरॉय एक ही कॉलेज में पड़ते थे. विवेक करीना से कुछ साल सीनियर थे. कॉलेज टाइम में एक बार करीना कपूर को अटेंडेंस की दिक्कत हुई तो उनकी मदद के लिए विवेक ओबेरॉय आगे आए. विवेक ने चुटकियों में एक्ट्रेस की अटेंडेंस की प्रॉब्लम दूर कर दी.

## मोनी राय ने फिर गिराई बिजलियां, ब्राउन ड्रेस में दिखाया अपना जानलेवा फिगर



मौनी रॉय ने हाल ही में अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं और इन तस्वीरों में उन का शानदार ग्लैमरस लुक देखने को मिल रहा है. फोटोज में उनका फिगर साफ दिख रहा है. मौनी रॉय ने हाल ही में अपनी कातिलाना फोटोज शेयर की हैं और वो इन तस्वीरों में कमाल की लग रही हैं. मौनी रॉय का फिगर इस स्किन टाइट ड्रेस में कमाल का लग रहा है, लोगों को उनका ये हुस्न आकर्षित कर रहा है. मौनी रॉय ड्रेस में तो कमाल लग ही रही हैं साथ ही में उनकी अदाएं और भी ज्यादा दिलकश लग रही है. इन फोटोज को शेयर करते हुए मौनी ने लिखा कि मुझे एक कप हेजलनट कॉफी दो और मैं खुश हूं।

## अमेरिका से तालीम लेने वाली सारा अली खान पर चढ़ा शेरो-शायरी का शौक



एबीपी नेटवर्क के कार्यक्रम में अभिनेत्री सारा अली खान पहुंचीं. उन्होंने कहा कि मैं फिल्म में अचानक आई. लेकिन कभी कभी लगता है कि हमेशा से मैं यही चाहती थी. पढ़ाई में काफी रुचि रही. कोलंबिया में काफी घुल मिल गई थी. एक्टिंग का कीड़ा कभी मरा नहीं. स्टार किड होने को लेकर सारा अली खान ने कहा, मैं स्टार किड हूं लेकिन इसके लिए मैं माफी नहीं मानूंगी. क्योंकि ये मेरी चॉइस नहीं है. हां मेरे लिए चीजें आसान हुई लेकिन मैंने महेनत की. सारा अली खान ने एक एक्टर के तौर अपने सफर के बारे में कहा, हमारा जो सफर है, वह सीखने का सफर है. हमारी उम्र सीखने की है. लेकिन गलतियां करना और सीखना हमारी जर्नी का हिस्सा होती है. उतार चढ़ाव तो होते रहते हैं लेकिन अंदर से जो मैसेज आता है उसे सीखना जरूरी है. अगर आप ईमानदारी से मेहनत से काम करेंगे तो उसमें सफलता मिलेगी. एबीपी के मंच पर अभिनेत्री सारा अली खान ने अपने दिल की बात खुल के कही. उन्होंने कहा कि वो इतिहास की पढ़ाई करते-करते बॉलीवुड में हिस्ट्री बनाने आ गई और आगे भी उनकी कोशिश यही रहेगी. सारा अली खान ने कहा, हमें पता है कि किस तरह की चीजों पर महत्व देना है, किसे नहीं. यदि जनता को मेरा काम अच्छा नहीं लगता है तो मुझे इससे फर्क पड़ता है. लेकिन मेरे कपड़े, मेरे विश्वास को लेकर लोगों में इंटरेस्ट है तो ट्रोल्स की बाते मुझ तक नहीं पहुंचती. सारा अली खान ने एबीपी के मंच पर अपने स्टार किड होने और उससे मिले फायदे को लेकर कहा कि जो चीजें हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं उसके बारे में ज्यादा चर्चा करना, ज्यादा गौर करना बिल्कुल फायदेमंद नहीं है. उन्होंने कहा कि वो बदल नहीं सकती कि उनके पैरेंट्स कौन है. वो कहती है कि मैं गर्व से कह सकती हूं कि मैं सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हूं, लेकिन मेरी कोशिश यही रहेगी कि मैं अपना अस्तित्व खुद बना सकूं और मैं ये करना चाहती हूं, लेकिन इसके साथ ही मैं अपने नाम से भाग नहीं सकती.

## नाटू-नाटू गाने पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के डांस ने मचाया सोशल मीडिया पर तलहका

*एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर और उसके गाने दुनियाभर में धूम मचा रहे हैं. फिल्म के नाटू-नाटू गाने ने तो ऑस्कर नॉमिनेशन में अपनी जगह बनाकर देश का और मान बढ़ा दिया है. दुनियाभर में इस गाने का गजब का क्रेज देखने को मिल है. फिलहाल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान से एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक्ट्रेस इस गाने पर भरी महफिल में जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं. नाटू नाटू गाने पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर का एक डांस वीडियो वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस के इस डांस वीडियो को खूब पसंद भी किया जा रहा है, हिंदुतान में भी इस गाने पर हानिया का डांस देख लोग उनके हुनर के मुरीद हो रहे हैं. बता दें, सुपरस्टार एक्टर राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माए गए इस गाने ने न सिर्फ ऑस्कर नॉमिनेशन में जगह बनाई, बल्कि इसने गोल्डन ग्लोब का अवॉर्ड और क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड्स भी अपने नाम कर इतिहास रच दिया. आपको बता दें, पाकिस्तान की मशहूर अदाकारा हानिया आमिर अपनी खूबसूरती और अभिनय के लिए फैंस के बीच काफी पॉपुलर हैं. इन दिनों एक्ट्रेस टीवी शो मुझे प्यार हुआ था में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस का ये वीडियो किसी वेडिंग सेरेमनी का है, जहां एक्ट्रेस ने नाटू नाट गाने पर धांसू परफॉमेंस दी है. इस वीडियो को एक्ट्रेस सबूर अली और हानिया सहित कई बड़े पाकिस्तानी स्टार्स ने शेयर किया है. हानिया के डांस के साथ-साथ इस वीडियो में उनका लुक भी काफी पसंद किया जा रहा है. हानिया व्हाइट स्नीकर्स के साथ शरारा पहने नजर आ रही हैं. उनकी डिंपक स्माईल इस लुक में चारचांद लगा रही है. खास बात ये है कि हानिया इंडियन फिल्मों की काफी शौकीन हैं, जो उनके इंस्टाग्राम पर साफ देखने को मिलता है.*



# नए वार्डों में बेहतर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिये सरकार कटिबद्धः मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर।** अच्छे व स्मार्ट स्कूल, छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिये संजीवनी क्लीनिक, हर घर में नल की टोंटी से पानी, बढ़िया पहुँच मार्ग व निर्बाध बिजली की सुविधा प्रदेश सरकार शहर की तरह हर गाँव तक पहुँचा रही है। सरकार ग्वालियर शहर में शामिल हुए नए वार्डों की सभी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिये कटिबद्ध है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कही। मंत्री कुशवाह शनिवार को विकास यात्रा लेकर शहर के वार्ड-61 व 63 से जु? गाँवों में पहुँचे थे। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने विकास यात्रा के दौरान वार्ड-61 के ग्राम खेरियामोदी एवं वार्ड-63 के ग्राम जमाहर, रूद्रपुरा व लक्ष्मणपुरा (मऊ) में कुल मिलाकर लगभग 2 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन कार्यों में संजीवनी क्लीनिक, स्मार्ट स्कूल, सीसी रोड़, सामुदायिक भवन व विद्युतीकरण इत्यादि कार्य शामिल हैं। उन्होंने



इस अवसर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभी वितरित किए। मंत्री कुशवाह ने कन्या पूजन कर इन सभी गाँवों में विकास यात्रा के तहत जन संवाद कार्यक्रम का आरंभ किया। जनसंवाद कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में मौजूद महिला शक्ति को संबोधित करते हुए मंत्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर महिलाओं के हित में क्रांतिकारी मुख्यमंत्री लाड़ली बहिना योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 5 मार्च से आवेदन भरने का काम शुरू होगा। योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर माह सरकार एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायेगी। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने वार्ड-61 व 63 से जुडे इन सभी गाँवों में एक बार फिर से दोहराया कि सरकार ग्रामीण वार्डों में शहर के पुराने वार्डों की तरह बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। सरकार इसके लिये धन की कमी नहीं आने देगी। विकास यात्रा के दौरान संबंधित विभाग के पार्षदगणों सहित प्रेम सिंह राजपूत, रमेश शर्मा व डॉ. राजेन्द्र पाल सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठकः परियोजनाओं से बची राशि शहर विकास पर खर्च करने पर जोर



**ग्वालियर।** स्मार्ट रोड परियोजना सहित स्मार्ट सिटी की अन्य परियोजनाओ मे बची शेष राशि का उपयोग शहर विकास के लिए बनाई गई अन्य योजनाओ में किया जाये। यह बात शनिवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की मौजूदगी में आयोजित हुई स्मार्ट सिटी की एडवाइजरी फोरम की बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कही। उन्होंने स्मार्ट सिटी के तहत ग्वालियर शहर में जुड़ रहे आयामों के रख-रखाव और संधारण की पुख्ता व्यवस्था करने पर भी विशेष बल दिया। साथ ही कहा विकास कार्यों के संधारण की व्यवस्था ऐसी हो जिससे शहरवासियों को विकास कार्यों का लाभ लंबे समय तक मिल सके। मोती महल स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में बीज एवं फॉर्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल व स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर सहित एडवायजरी फोरम के सदस्य गण राजेन्द्र सेठ, हरिमोहन पुरोहित, अजय बंसल व डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा एवं कृष्णराव दीक्षित सहित अन्य सदस्यगण व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रस्तावित स्मार्ट रोड परियोजना से बची शेष राशि का शहर विकास और शहर के सौन्द्रीयकरण मे उपयोग के साथ ही ग्वालियर शहर मे स्मार्ट सिटी द्वारा क्रियांवित स्मार्ट रोड परियोजना, प्रवेश द्वार, स्मार्ट स्कूल शिक्षा-नगर, प्रेस बिल्डिंग का उन्नयन कार्य, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन निमार्ण कार्य, आएसबीटी सहित स्मार्ट सिटी द्वारा प्रगतिरत अन्य विकास कार्यों पर बैठक में विस्तार से विचार मंथन हुआ। उर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर नें बैठक में सुझाव दिया कि ग्वालियर शहर की मुख्य व्यस्ततम सडक जो पडाव से फुलबाग होते हुये महाराज बाडा तक जाती है उसे स्मार्ट सडक के रुप मे विकसित करने के लिये एक विस्तृत रुपरेखा तैयार की जाये, ताकि शहर को एक नई पहचान मिल सके। वही उन्होने किलागेट पर सौन्द्रीयकरण सहित मार्केट बनाने की प्लानिंग करने के लिये भी बैठक मे सुझाव दिया।सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने बैठक में कहा की स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम स्मार्ट सिटी के सहयोग से शहर की स्वच्छता की मॉनीटरिंग को और प्रभावी बनाया जाए। बैठक मे बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने कहा कि शहर के सुगम यातायात के हिसाब से निर्माण के लिये नई सड़कों का चयन किया जाये। वही नई रोड के निर्माण से पहले ड्रेनेज सिस्टम को भी सुधारा जाये।

# विकास यात्रा में विधायक संजीव सिंह ने किया 439.52 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह के द्वारा विकास खण्ड भिण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत ककाहरा, सगरा, पेवली, मोतीपुरा, अतरसूमा, लहरौली, खरिका में विकास यात्रा के दौरान मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ हुई। ग्राम में जल यात्रा भी निकाली गई। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। शासन की विभिन्न योजनाओं में लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत् कार्ड, भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना के अंतर्गत श्रमिक कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री धीरसिंह भदौरिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्रान्त सिंह, रामकृष्ण सिंह बघेल, सदस्य जिला पंचायत नीतू आड़तिया, सरपंच नयागांव रवि सिंह राजावत, सरपंच लहरौली मुनेश सिंह, सरपंच ऊमरी वीरेन्द्र यादव (पुनू), सरपंच नयागांव रवि सिंह राजावत, सरपंच गुसींग जीतू कोठारी, सरपंच बिजपुरी जलेब सिंह, अकोड़ा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुदीप यादव, अशोक बाल्मीक, भाजपा वरिष्ठ नेता पवन जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। विकास यात्रा में कुल 18 विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया, जिसकी राशि 439.52 लाख थी। विकास यात्रा में विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने मुख्यमंत्री जनसेवा योजना अन्तर्गत 400 हितग्राहियों को पात्रता प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया। ग्राम पंचायत ककाहरा में अमृत सरोवर डक टेग निर्माण 14.96 लाख, नवीन तालाब निर्माण 14.60 लाख, सीसी रोड़ 7.20 लाख तथा हैण्डपंप व अन्य कार्यों सहित 47.02 लाख निर्माण कार्यों लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत सगरा में सीसी रोड़ सहित अन्य निर्माण कार्यों 29.52 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत पेवली में प्रवेश द्वार एवं सीसी रोड सहित 23.01 लाख के कार्यों का लोकार्पण



किया। ग्राम पंचायत मोतीपुरा के मजरा वीसलपुरा में जलजीवन मिशन योजना के अन्तर्गत 44.98 लाख की नलजल योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों सहित 53.65 लाख के कार्यों का शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत अतरसूमा में सामुदायिक भवन सहित 20 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत लहरौली में सर्वाधिक लहरौली से कण्डेलपुरा मार्ग 178.70 लाख तथा लहरौली से ढ़ोंचरा सीसी रोड 26.14 लाख तथा सीसी रोड़ सहित 52.12 लाख के कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत खरिका में सीसी रोड तथा प्रवेश द्वार सहित 9.36 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।



# बालाघाट पुलिस को स्वास्थ्य विभाग दल के द्वारा दिया गया सी.पी.आर. प्रशिक्षण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

महानिदेशक महोदय म प्र के द्वारा पुलिस विभाग के लिये बहुत ही सकारात्मक पहल पर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बालाघाट पुलिस के द्वारा सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससीटेशन संबंधी जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारी कर्मचारी हुये सम्मिलित । बालाघाट 25 फरवरी को पुलिस महानिदेशक महोदय मध्यप्रदेश के निर्देशन में बालाघाट पुलिस के द्वारा पुलिस अधिकारी कर्मचारी का सीपीआर संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया कि पिछ्ले कुछ समय में ऐसे कई प्रकरण / घटनाएं सामने आयी हैं , जहां पर सीपीआर दिये जाने के कारण संबंधित व्यक्ति की जीवन रक्षा हो सकी और कुछ घटनाएँ ऐसी भी थी , जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी / कर्मचारी द्वारा सीपीआर देने से पीड़ित की जान बची और इस कार्यवाही की काफी सराहना भी हुई। सीपीआर एक बहुत महत्वपूर्ण प्रारंभिक उपचार प्रक्रिया है , जो किसी भी घटना दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को राहत पहुंचाने अथवा जीवन बचाने में सहायक सिद्ध हो सकती है पुलिस बल के अधिकारी / कर्मचारी किसी भी घटना में प्रथम उत्तरदाई होते हैं और सीपीआर जैसी महत्वपूर्ण प्रारंभिक प्रक्रिया का प्रशिक्षण होनें से पीड़ित व्यक्ति की सहायता की जा सकती है। सीफीआर के महत्व को दृष्टीगत रखते हुये पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट ज़ोन बालाघाट संजय कुमार , उप पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ के मार्गदर्शन में बालाघाट पुलिस के द्वारा 25 फरवरी 2023 को रक्षित केंद्र बालाघाट एवं समस्त थानों के



अधिकारियों / कर्मचारियों को विशेषज्ञ डॉ . के द्वारा सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया । पुलिस लाइन में आयोजित सीपीआर प्रशिक्षण के दौरान के डॉ नरेंद्र बोकड़े पुलिस अस्पताल बालाघाट डॉ अश्विनी भवतेकर डॉ समीर डहरवाल जिला चिकित्सालय बालाघाट के द्वारा रक्षित केंद्र बालाघाट में सीपीआर संबंधी जागरूकता प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डाक्टरों ने बताया कि ऐसा कोई भी पीडित यदि आपके सामने अचानक से गिर जाता है या बेसुध हो जाता है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले अपने आसपास यदि कोई है तो उससे सर्वप्रथम मदद लेगें व उसको बताये कि वह इमरजेंसी सेवाओं को तत्काल सूचना कर देवे पश्चात पीडित को ठोस स्थान पर पीठ के बल पर लेटाया जावे तथा छूकर ज्ञात करेंगे कि वह किस स्थिति में है , बेहोशी की स्थिति में होने पर गर्दन पर छूकर पल्स चैक करेंगे , पल्स कम या नहीं आने पर संबंधित को सीपीआर देने की जरूरत होगी। डाक्टरों ने बताया कि सीपीआर देने के लिये पीडित के सीने के मध्य पसलियों पर अपने दोनों हाथों से जोर से एवं तेजी से लगातार 1 मीनिट मे 100 120 बार पुश करेंगे । उपरोक्त प्रक्रिया में सीपीआर देने के दौरान 3-4 मीनिट का समय अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है यह भी ध्यान रखा जावे कि सीपीआर देते समय पीडित के दाहिने तरफ घुटनों के बल पर बैठकर सीपीआर प्रकिया करेगें तथा सीपीआर के दौरान अपनें हाथ एकदम सीधे व मजबूत रहे , इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जावे पुलिस लाइन बालाघाट में आयोजित सीपीआर प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, एआईजी रश्मि डावर, नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा, डीएसपी किरण अहिरवार, थाना प्रभारी कोतवाली, ग्रामीण, भरवेली, यातायात एवं कार्यालयीन स्टॉफ के अधिकारियों/कर्मचारियों ने सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। बालाघाट के समस्त थानों में भी सभी अधिकारी / कर्मचारियों को भी सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया।

**पुलिस थाना लांजी में स्वास्थ्य विभाग दल के द्वारा दिया गया सी.पी.आर. प्रशिक्षण**–डॉ. प्रदीप गेडाम, खण्ड चिकित्सा अधिकारी लांजी के साथ आशिष भरने, कु. मयुरी खिरेकर नर्सिंग आफिसर के द्वारा पुलिस थाना लांजी में उपस्थित होकर वहाँ के पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मीयों को सी.पी.आर प्रक्रिया से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया कि यदि कार्य के दौरान यदि कोई पुलिसकर्मी या अन्य को हृदय संबंधी परेशानी होने की स्थिती में त्वरित सहायता किस प्रकार दी जा सकती है।

# विकास यात्रा के दौरान राशन दुकान में पाई गई अनियमितता प्रशासन ने की तत्काल कार्यवाहीः डॉक्टर अभिलाष पांडेय

जबलपुर पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत 5 फरवरी से लगातार विकास यात्रा चल रही है जो 18 वर्षों से होते हुए आज जिस का समापन हुआ है इंदिरा गांधी वार्ड में इस यात्रा का समापन किया गया है। विकास यात्रा के दौरान लगभग 29 करोड़ 30 लाख रुपए के सड़क नाली पानी गार्डन फीवर क्लीनिक नाला निर्माण ऐसे सारे विषयों को लेकर भूमि पूजन हुए हैं, जो जनता के विकास से जुड़े हुए हैं हितग्राहियों से संवाद आंगनबाड़ी का निरीक्षण कन्या पूजन स्कूल में संवाद के साथ-साथ सरकारी संस्थाओं के भी निरीक्षण अधिकारी और जनता के द्वारा किए गए हैं। उसी तारतम्य में इंदिरा गांधी वार्ड की यात्रा के दौरान राशन दुकान पर अनियमितता पाई गई। हितग्राहियों ने तत्काल शिकायत की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा डॉक्टर अभिलाष पांडे के द्वारा तत्काल कलेक्टर से बातचीत की। कलेक्टर ने तत्काल उच्च अधिकारियों को भेजकर उस राशन दुकान में पाई हुई अनियमितता को ध्यान में रखते हुए तुरंत उसे सील करा दिया गया भारतीय जनता पार्टी की सरकार मध्यप्रदेश में है जो जनता के लिए लगातार काम कर रही है इसलिए जनता के साथ यदि कोई दुर्व्यवहार करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा प्रशासन ने मुस्तैदी से कार्यवाही की है । पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा डॉक्टर अभिलाष पांडे ने बताया कि इस विकास यात्रा के दौरान कांग्रेस के पेट में लगातार दर्द हो रहा है और कांग्रेस के नेता इसे निकास यात्रा बोलकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं यहां तक की भारतीय जनता पार्टी की जो विकास के काम है जो पैसा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी भेज रहे हैं प्रधानमंत्री जी भेज रहे हैं उसका भूमि पूजन करने के लिए आतुर हैं और भाजपा की सरकार के विकास कार्य को अपने विकास कार्य बता रहे हैं और खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे की स्थिति बन चुकी है और इसे निकास यात्रा का नाम दे रहे हैं जबकि यह जनता के बीच में विकास की यात्रा है जनता का हितग्राहियों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है और कांग्रेस बोखला उठी है। यह कहानी यहीं नहीं रुकी जबलपुर पश्चिम के विधायक तरुण भनोट ने जो फोर्टीफाइड राइस हितग्राहियों को दिया जा रहा है उस राशन दुकान के चावल को प्लास्टिक का चावल बता दिया यह बहुत ही दुर्भाग्य है लेकिन विकास का कार्य भारतीय जनता पार्टी जारी रखेगी और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। विकास यात्रा के समापन पर डॉ जितेंद्र जामदार जी हरेंद्र जीत सिंह बब्बू प्रशांत तिवारी गोलू राममूर्ति मिश्रा रजनीश यादव प्रिय तिवारी अरविंद पाठक जीतू कटारे पार्षद राहुल साहू अजय तिवारी दिलीप पटेल देवेंद्र मनोदया अनिल वर्मा पूजा पटेल विनय अमलाते बेटू अग्रवाल उमेश पटेल हरीश ठाकुर आदि मौजूद रहे ।

# खेलों में योग की भूमिका महत्वपूर्णः चाकणकर

## सैन्य बलों की नौकरी को समाज में खास इज्जतःभटनागर, पर्यटन में करियर के अपार अवसरः बरुआ





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। खेल खिलाड़ियों के लिए योग प्रशिक्षण का एक अविभाज्य अंग बन गया है। चाहे आप एथलीट हों, तैराक हों, टेनिस खिलाड़ी हों या बॉलप्लेयर हों, खेलों में योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उपरोक्त उदगार जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने शासकीय उमावि मॉडल डीडी नगर सीएम राइस में आयोजित पुरस्कार वितरण में व्यक्त किए। श्री चाकणकर ने कहा कि योग आपके संतुलन की भावना को बढ़ाता है। वृक्षासन या वृक्ष मुद्रा और वीरभद्रासन या योद्धा मुद्रा जैसे आसन आप में संतुलन विकसित करने में मदद करते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से शिष्टता और संतुलन की आवश्यकता होती है। जिमनास्टिक, तीरंदाजी और शूटिंग में आवश्यक मुद्रा और स्थिरता बनाए रखने में भी योग आपकी मदद करता है। इस अवसर पर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट श्री शशिकांत भटनागर ने कहा कि भारतीय सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में गिनी जाती है और इसमें अभी तकरीबन 14 लाख सैनिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। देश की सुरक्षा करने वाले सैन्यबलों की नौकरी को समाज में एक खास इज्जत की नजर से देखा जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप भी भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा करना चाहते हैं तो आपको इसमें हिस्सा लेने के लिए 10वीं से लेकर ग्रेजुएशन तक कई मौके मिलेंगे। । आईआईटीटीएम के नोडल ऑफिसर डॉक्टर चंद्रशेखर बरुआ ने कहा कि यदि यात्रा आपका जुनून है और प्रबंधन में आप अच्छे हैं, तो यात्रा और पर्यटन प्रबंधन में करियर आपके लिए एकदम सही हो सकता है! तेजी से विस्तार और अत्यधिक गतिशील उद्योग होने के नाते, यात्रा और पर्यटन ने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण ऊंचाई हासिल की है। करियर के अपार अवसरों के साथ, आप इस क्षेत्र में कई दिलचस्प करियर के अवसर तलाश सकते हैं। इस अवसर पर महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला योग प्रभारी श्री चाकणकर द्वारा योगा मेट पुरस्कार स्वरूप दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र श्रीवास्तव तथा समाजसेवी एडवोकेट वरुण सक्सेना द्वारा जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर, प्राचार्य श्री रंजीत सिंह चौहान, योग प्रभारी श्रीकांत मिश्रा,गोविंद मल्होत्रा, डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कामर, रेखा शर्मा जमाहर को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478